राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 12 , अंक : 361, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 14 जूलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा में युवा सशक्तिकरण एवं उत्थान हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया

.... पेज 03

अपने नागरिकों के साथ नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप, आज उत्तर प्रदेश की नियुक्ति

.... पेज 05

पंजाब फ्रंटियर ने जीती बीएसएफ की 46वीं इंटर फ्रंटियर हॉकी प्रतियोगिता

.... पेज 07


## हिमाचल : प्राकृतिक आपदा के कारण 4000 करोड़ रुपए की निजी सम्पति को नुकसान

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने गुरुवार को यहां कहा कि आठ और नौ जुलाई को हुई भारी बारिश के कारण प्रदेश में अत्यधिक नुकसान हुआ है। जिसमें जहां लोगों के जानमाल की क्षति हुई वहीं इस प्राकृतिक आपदा के कारण सड़कों, पुलों और लोगों की निजी सम्पति को 4000 करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री इस स्थिति को लेकर खुद भी बहुत ज्यादा चिन्तित एवं गम्भीर हैं और स्वंय प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत कार्यों का निरीक्षण एवं जायजा ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री पिछले चार दिन से मण्डी, कुल्लू और मनाली में डटे हुए हैं और राहत शिविरों में लाकर प्रभावित लोगों से मिल कर उन्हें हर सम्भव सहायता का आश्वासन भी दे रहे है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तथा मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी राहत कार्यों का जायजा ले रहे हैं।

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से हालात का जायजा लिया है और संकट की इस घड़ी में केन्द्र सरकार की ओर से प्रदेश को हर सम्भव मदद देने का भी आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ) की टीमें भी बचाव अभियान के लिए तैनात की गई हैं।

# यमुना खतरे के निशान से ऊपर

## 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद, पीने के पानी का संकट; एनडीआरएफ की 16 टीमें लगाई



- खादर क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। बचाव अभियान जारी है। इस इलाके में अभी तक करीब 500 लोगों को रेस्क्यू किया गया है।
- यमुना नदी में बाढ़ को देखते हुए दिल्ली नगर निगम के सभी स्कूल 16 जुलाई तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं।
- बारिश के मद्देनजर लाल किला 14 जुलाई तक सामान्य लोगों के लिए बंद रहेगा।

नई दिल्ली। हरियाणा के हथनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात हैं। गुरुवार शाम 6 बजे तक यमुना का जलस्तर 208.66 मीटर पर पहुंच गया। यह खतरे के निशान 205 मीटर से 3 मीटर ज्यादा है। यह लेवल स्टेबल बना हुआ है।

यमुना वजीराबाद से ओखला तक 22 किमी में है। केंद्रीय जल आयोग को आशंका है कि गुरुवार दोपहर तक जलस्तर 209 मीटर पहुंचने पर ज्यादातर इलाकों में पानी भर जाएगा। यहां एनडीआरएफ की 12 टीमें तैनात की गई हैं। 2,700 राहत शिविर लगाए गए हैं। कई इलाके पानी में डूब गए हैं। 5 से 6 फीट तक पानी भर गया है। यमुना नदी के किनारे बसे निचले इलाकों से 16 हजार से ज्यादा लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दिल्ली सरकार ने एडवाइजरी में कहा कि बाहरी राज्य के लोग दिल्ली में प्रवेश ना करें।

सिंघु बॉर्डर, बदरपुर बॉर्डर, लोनी बॉर्डर और चिल्ला बॉर्डर सील कर दिए हैं। भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छोटे वाहनों की एंट्री जारी रहेगी। दिल्ली सरकार ने रविवार तक सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखने के आदेश दिए हैं।

### सिविल लाइन्स स्थित सदियों पुराना मंदिर जलमग्न हो गया

गुरुवार को यमुना का जल स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के कारण सिविल लाइंस में शाम नाथ मार्ग पर एक सदी पुराना मंदिर बाढ़ के पानी में डूब गया। मंदिर चलाने वाले राजेश शर्मा इस क्षेत्र के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने अन्य दुकान और व्यवसाय मालिकों को सूचित किया कि क्षेत्र में बाढ़ आ गई है।

### गैर-जरूरी भारी मालवाहक वाहनों के दिल्ली में एंट्री पर बैन

मंत्री कैलाश गहलोत का कहना है कि यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जरूरी सामान ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर भारी मालवाहक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### ओखला बैराज पर यमुना का जलस्तर खतरे के निशान पर

ओखला बैराज पर यमुना का जल स्तर खतरे के स्तर यानी 200.60 मीटर तक बढ़ गया है। वर्तमान में बैराज पर लगभग 3.48 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है, जो अनुमानित डिस्चार्ज स्तर से काफी अधिक है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने संबंधित जिलों को बाढ़ की चेतावनी जारी की है।

### दिल्ली में वर्क फ्रॉम होम का ऐलान

राजधानी दिल्ली में बाढ़ से हालात खराब है। निचले इलाकों में पानी भरने के अलावा आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम का ऐलान किया है।

### मेट्रो पर ही बाढ़ का असर

दिल्ली में सड़कें डूबी हुई हैं, स्कूल बंद हो चुके हैं, दफ्तरों के कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं। वहीं, अब राजधानी की लाइफलाइन कही जाने वाली मेट्रो पर भी बाढ़ का असर साफ नजर आ रहा है। डीएमआरसी ने ट्वीट किया, यमुना के बढ़ते जल स्तर के कारण, एहतियात के तौर पर ट्रेनें नदी पर बने सभी चार मेट्रो पुलों से 30 किमी प्रति घंटे की प्रतिबंधित गति से गुजर रही हैं।

बजीराबाद, ओखला और चंद्रावल के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिए गए है। इससे राजधानी के कई इलाकों में पीने के पानी की किल्लत हो सकती है। उधर, सीएम आवास के 500 मीटर तक जलभराव हो गया है। यमुना बाजार, मजनू का टीला, निगम बोध घाट, मोनेस्ट्री मार्केट, वजीराबाद, गीता कॉलोनी और शाहदरा एरिया इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।


सम्बंधित खबर पेज.... 3 पर


# हिमाचल में अब तक 88 लोगों की मौत

## केंद्र ने की 180.40 करोड़ की पहली किशत जारी : ठाकुर

एजेंसी



शिमला। केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण काफी नुकसान हुआ है। अब तक लगभग 88 लोगों की दुखद मौत हो चुकी है।

राज्य की सड़कें और पुल नष्ट एवं ध्वस्त हो चुके हैं। लोगों की निजी संपत्तियों जैसे घर और दुकानों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इन सभी से उबरने में काफी समय लगेगा।

ठाकुर ने हिमाचल के हालात पर चर्चा करने के लिए आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की और प्रदेश की त्वरित सहायता के लिए उनका आभार प्रकट किया।

जिस तरह बिना समय गँवाये एनडीआरडीए की 12 टीमों को हिमाचल में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए लगाया वो देवभूमि के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दिखाता है। जहां तक वित्तीय मदद की बात है तो केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को 180.40 करोड़ की पहली किशत जारी कर दी है जिसका लाभ राहत-बचाव एवं पुनर्वास कार्यों को मिलेगा। उनके द्वारा हिमाचल के लिए की गई सभी सहायताओं के लिए आभार प्रकट किया व भविष्य में हरसंभव मदद के लिए निवेदन किया है।

उन्होंने भारी बारिश के चलते बाढ़ से प्रभावित हिमाचल प्रदेश की त्वरित सहायता के लिए उनका हार्दिक आभार प्रकट किया।

ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल के हालातों पर पूरी तरह नज़र बनाए रखी है। प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर निकल रहा हूं। बाढ़ प्रभावित हिस्सों का निरीक्षण कर बारिश से प्रभावित लोगों से मिलूँगा उनका दर्द साझा करूँगा और सरकार की ओर से हो सकने वाली हर संभव मदद दिलवाने का प्रयास करूँगा तथा वापस आकर फिर से गृहमंत्री को ज़मीनी रिपोर्ट सौंपूँगा।

# नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल एम विमानों की खरीद को मंजूरी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के बीच सरकार ने फ्रांस से नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की तीन पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ही फ्रांस की अधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हुए थे। उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होने हैं। इनमें नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों की खरीद से संबंधित समझौता होने की भी संभावना है। इन विमानों को देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। नौसेना ने परीक्षणों के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 की तुलना में राफेल एम को तरजीह दी है। राफेल एम विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है और ये विमान फ्रांस सरकार से अंतर सरकार समझौते के तहत खरीद जायेंगे। ये विमान संबंधित उपकरणों , हथियारों , सिमुलेटर , कलपुर्जों , दस्तावेजों , चालक दल के प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक स्पोर्ट के पैकेज के तहत खरीदे जायेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस का लाठीचार्ज : एक नेता की मौत

## वाई सिक्योरिटी की मौजूदगी में भाजपा सांसद को भी पीटा

पटना। सरकार के खिलाफ बिहार विधानसभा मार्च कर रहे बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस पिटाई में कई नेता और कार्यकर्ता घायल हो गए। वहीं, एक बीजेपी नेता की मौत हो गई। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा समेत कई नेता पार्टी कार्यालय पहुंचे। वहां मृतक बीजेपी कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि दी गई।

पुलिस ने महाराजगंज सांसद जनार्दन सिग्रीवाल को भी लाठी से पीटा और धक्का दिया। इसमें वह घायल हो गए। उनके सिर और चेहरे पर चोट आई है। जनार्दन सिंह सिग्रीवाल IGIMS के प्राइवेट वार्ड -1 में एडमिट हैं। उनका सीटी स्कैन हुआ है। ब्रेन नॉर्मल है। सांसद को वाई सुरक्षा मिली हुई है। पिटाई के समय उनके सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे।

बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने रोकने की कोशिश की थी। जब वे नहीं माने तो पहले वाटर कैनन से पानी की बौछार की। आंसू गैस के गोले छोड़े। फिर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजी की। पुलिस पर मिर्ची स्प्रे से हमला किया।

विधानसभा परिसर में कई पार्टी विधायक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। बीजेपी ने सीएम नीतीश कुमार का इस्तीफा मांगा है। कल बीजेपी राजभवन मार्च करेगी।

### 11 से अधिक बीजेपी नेता घायल

प्रदर्शन में शामिल भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पुलिस के बीच धक्कामुक्की हुई। विधानसभा



संयोजक डॉ. संजय मिश्रा को कुर्ता फाड़कर पीटा गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी पुलिस ने नहीं छोड़ा। पीएमसीएच में 11 से अधिक घायल नेता और कार्यकर्ता भर्ती हैं। पुलिस ने सम्राट चौधरी समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। सभी को बस में भरकर ले गई। बाद में छोड़ दिया।

# बच्चों को जहर देकर पति-पत्नी ने किया सुसाइड

## ऑनलाइन जॉब से कर्ज में डूबा परिवार; कंपनी ने लैपटॉप हैक कर अश्लील वीडियो वायरल किए



भोपाल। भोपाल में ऑनलाइन ऐप के जाल में फंसे एक दंपती ने अपने दो बेटों को जहर देकर मार डाला, फिर सुसाइड कर लिया। गुरुवार को दंपती के शव घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनों बेटों को जहर देने की आशंका है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें कर्ज का जिक्र है। रातीबड़ की शिव विहार कॉलोनी में रहने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा (38) कोलंबिया बेस्ड एक कंपनी में ऑनलाइन जॉब करते थे। भूपेंद्र पर काम का प्रेशर और लोन था। कंपनी ने उनका लैपटॉप हैक कर उसमें मिले कॉन्टेक्ट पर एडिटेड अश्लील वीडियो वायरल कर दिए थे। इससे परेशान भूपेंद्र ने अपनी पत्नी रितु (35) के साथ सुसाइड कर लिया। इससे पहले दो बेटों ऋतुराज (3) और ऋषिराज (9) को जहर दिया।

इस मामले में जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। 5 सदस्यीय एसआईटी में एडीशनल डीसीपी जोन - 1, एसीपी टीटी नगर , टीआई रातीबढ़ , टीआई टीटीनगर और सायबर क्राइम टीम के दो पुलिस अफसरों को शामिल किया गया है। भूपेंद्र के बड़े भाई नरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उसने दोनों बच्चों और पत्नी के साथ देर रात सेल्फी कैप्चर की थी। कोल्ड ड्रिंक (माजा) में सल्फास मिलाकर दोनों बच्चों को पिला दिया।

## उत्तराखंड में पदयात्रा करके देंगे अग्निवीर योजना के नुकसान की जानकारी: राहुल-खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उत्तराखंड के कांग्रेस नेताओं के साथ 2024 के आम चुनाव को लेकर गुरुवार को यहां बैठक हुई जिसमें भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच ले जाने के लिए व्यापक स्तर पर पदयात्रा कर जन संवाद किया जाएगा। कांग्रेस की उत्तराखंड में आम चुनाव की रणनीति को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक में खड़गे, गांधी, कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण महरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत तथा कई अन्य नेता मौजूद रहे। गांधी ने ट्वीट किया, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में आज उत्तराखंड के नेताओं के साथ बैठक की। पार्टी उत्तराखंड के युवाओं के लिए अग्निवीर योजना जैसे अन्याय तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के खिलाफ़ आवाज़ उठाएगी और राज्य में पदयात्रा के माध्यम से जनता से संवाद स्थापित करेगी।

# पूर्व सांसद विजय दर्डा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता दोषी करार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से जुड़े एक मामले में पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एच.सी.गुप्ता समेत सात लोगों को दोषी ठहराया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने दलीलें सुनने के बाद एच.सी. गुप्ता, विजय दर्डा, दर्डा के बेटे देवेन्द्र दर्डा, दो लोक सेवक के एस क्रोफा और के सी सामरिया, मेसर्स जेएलडी यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक मनोज कुमार जयसवाल के खिलाफ दोषसिद्धि का आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को भारतीय दंड संहिता के तहत परिभाषित धारा 120-बी और धारा 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

**जांच के आदेश**

**विरोध के बाद सरकार ने लिया फैसला; एक सेंटर के रिजल्ट की फिर से होगी जांच**

# शिवराज ने किया हस्तक्षेप, पटवारियों की नई नियुक्तियों पर रोक

एजेंसी



इंदौर। मध्यप्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोप के बाद सरकार ने इस परीक्षा के आधार पर पटवारियों की नई नियुक्तियों पर रोक लगा दी है। सीएम शिवराज सिंह ने इस बात की जानकारी दी है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार ने नियुक्तियां रोकने का फैसला कर ये मान लिया है कि इन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। कांग्रेस ने इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच की मांग की है।

सीएम शिवराज सिंह ने ट्वीट कर कहा है कि कर्मचारी चयन मंडल की समूह 2 उप समूह 4 एवं पटवारी भर्ती परीक्षा के परीक्षा परिणाम में एक सेंटर के रिजल्ट पर संदेह जताया जा रहा है। इस परीक्षा के आधार पर की जाने वाली नियुक्तियां अभी रोक रहा हूं। सेंटर के परिणाम का फिर से परीक्षण किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव ने इस फैसले के पहले कर्मचारी चयन मंडल के दफ्तर में बैठक की। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों और उठ रहे सवालों को लेकर चर्चा की।

### पटवारी भर्ती घोटाले के कर्ता-धर्ता कानून के शिकंजे में कब आएंगे : कमलनाथ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि सरकार ने नियुक्तियां रोकने का फैसला लेकर ये मान लिया है कि इन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली और घोटाला हुआ है। कमलनाथ ने पूछा कि पटवारी भर्ती घोटाला के मुख्य कर्ता-धर्ता कौन हैं और उनका भारतीय जनता पार्टी से क्या संबंध है? और अगर संबंध है तो वह कानून के शिकंजे में कब आएंगे?

### अभ्यर्थियों ने प्रदेशभर में किया प्रदर्शन

इससे पहले मध्यप्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा समेत अन्य भर्ती में धांधली के खिलाफ भोपाल और इंदौर समेत पूरे प्रदेश में स्टूडेंट्स सड़क पर उतर आए हैं। इंदौर में नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के नेतृत्व में हजारों की संख्या में स्टूडेंट्स ने दोपहर करीब 12.30 बजे कलेक्टर ऑफिस का घेराव कर दिया। भोपाल में भी कर्मचारी चयन मंडल के सामने बड़ी संख्या में पटवारी अभ्यर्थी जुटे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में जांच नहीं हुई, तो एक सप्ताह बाद भोपाल के जंबूरी मैदान पर आंदोलन करेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस मामले में कहा कि सरकार जांच से क्यों कतरा रही है, जबकि राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा विद्यार्थियों से उनका हक और युवाओं से रोजगार की चोरी कर रही है।

# दिल्ली: सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, 15 घायल



नयी दिल्ली। दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिले में जीटीके रोड पर दो ट्रकों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार उन्नीस घायलों को नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भेजा गया, जहां उनमें से चार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, दो को इलाज के लिए बालाजी एक्शन सेंटर पश्चिम विहार के एक उच्च केंद्र में रेफर कर दिया गया और पांच घायल लोगों को जहांगीरपुरी के बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल भेजा गया। अलीपुर पुलिस स्टेशन में धारा 279/304ए के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच चल रही है।

पुलिस ने कहा कि उन्हें सिरसपुर जीटीके रोड के पास दो वाहनों की दुर्घटना के संबंध में लगभग 12 =44 बजे एक पीसीआर कॉल मिली। घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने पाया कि अपर जीटीके हाईवे (एनएच-44) पर दो ट्रकों की टक्कर हो गई थी, जिसमें एक ट्रक कांवर यात्रियों को हरिद्वार ले जा रहा था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि दिल्ली की ओर आ रहे ट्रकों में से एक ने जीटीके रोड के केंद्रीय डिवाइडर को पार कर लिया और कांवर यात्रियों के ट्रक को टक्कर मार दी, जिसमें लगभग 20-23 कांवर यात्री यात्रा कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक अभी भी फरार है।

## बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मलिक की जमानत याचिका खारिज की



बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरुवार को पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक की चिकित्सा आधार पर दायर अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। मंत्री के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम से संबंधित धन शोधन मामले में मामला दर्ज किया था। न्यायाधीश अनुजा प्रभुदेसाई ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह राकांपा नेता की जमानत याचिका पर गुण दोष के आधार पर दो सप्ताह में सुनवाई करेगी।

नई दिल्ली
शुक्रवार 14 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### पूर्णागिरी मार्ग पर बाटनागाड़ में विश्व बैंक की सहायता से बनाया जायेगा स्थायी पुल

**चंपावत/नैनीताल।** उत्तराखंड के टनकपुर-पूर्णागिरी मार्ग पर आपदाग्रस्त बाटनागाड़ में जल्द ही स्थायी पुल का निर्माण किया जायेगा। सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिये हैं। उत्तराखंड के प्रसिद्ध पूर्णागिरी धाम को जोड़ने वाला टनकपुर-पूर्णागिरी मार्ग बाटनागाड़ में आपदा के कारण पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से अवरूद्ध है जिससे श्रद्धालु पूर्णागिरी धाम में मां के दर्शन को नहीं जा पा रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बरसात से यहां भारी मात्रा में मलबा आया हुआ है। सड़क मार्ग को खोलने की लिये लंबे समय से आठ जेसीबी और डंपर लगातार काम में जुटे हैं। सड़क कब तक खुलेगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाग्रस्त क्षेत्र में जल्द ही नया पुल बनाने की बात कही है। उन्होंने इस संबंध मेंएक प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कह कि विश्व बैंक सहायतित योजना से 610 मीटर स्पान पुल का निर्माण किया जायेगा।

### उत्तराखंड अतिवृष्टि : 14-15 जुलाई को सभी विद्यालयों, आंगनबाडी केन्द्रों में अवकाश घोषित

**देहरादून।** उत्तराखंड में अतिवृष्टि के दृष्टिगत शुक्रवार और शनिवार (14-15 जुलाई) को समस्त विद्यालयों एवं आँगनबाडी केन्द्रों में (विद्यार्थियों, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ हेतु) अवकाश घोषित किया गया है। गुरुवार को इस संदर्भ में राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के उप सचिव अजीत सिंह ने समस्त जिला अधिकारियों और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को पत्र जारी किया है। राज्य में लगातार अतिवृष्टि के कारण, विभिन्न प्रकार की आपदाएँ यथा भू-स्खलन, त्वरित बाढ़, बोल्डर गिरना, जल भराव, सड़क मार्ग बंद आदि घटनाएं घटित हो रही हैं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने से बचने के लिए सम्भावित आपदाओं के न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन के दृष्टिकोण से राज्य में दो दिन समस्त विद्यालयों एवं आँगनबाडी केन्द्रों में सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अध्यापकों / कर्मचारियों सहित अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। 14 और 15 जुलाई को समस्त विद्यालयों तथा आंगनबाडी केन्द्रों उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

### अवैध खनन करने के विरोध में प्रदर्शन

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के करेड़ा थानान्तर्गत मेवासा ग्राम में चरागाह भूमि पर अवैध खनन कर सफेद पत्थर का दोहन करने के विरोध में आज क्षेत्र के ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री और भाजपा नेता कालूलाल गुर्जर के नेतृत्व में कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। जिला कलक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद पूर्व मंत्री गुर्जर ने बताया कि मेवासा ग्राम के निकट चारागाह भूमि पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने अवैध कब्जा कर सफेद पत्थरों का खनन शुरू कर दिया है। अवैध खनन को रोकने के लिए ग्रामीणों ने आपत्ति की लेकिन खनन नहीं रूक पाया। वे पुलिस थाने भी पहुंचे लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में लोगों की कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को मजबूर होकर भीलवाड़ा आना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर को अवैध खनन रोकने के लिए ज्ञापन दिया गया। कलेक्टर ने आश्वत किया कि जल्दी ही कार्रवाई कर अवैध खनन रोका जाएगा। गुर्जर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद चारागाह भूमि में अवैध खनन किया जा रहा है। यह कोर्ट के आदेशों की अवहेलना भी है।

### भूपेश ने छत्तीसगढ़ के पहले अंग्रेजी माध्यम शासकीय महाविद्यालय का किया लोकार्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कांकेर में राज्य के पहले स्वामी आत्मानंद अंगेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण किया। बघेल ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वर्चुअल लोकार्पण करते हुए कहा कि अंग्रेजी माध्यम से जो बच्चे हायर सेकेण्डरी स्कूलों से पढ़कर निकलेंगे, वे स्वामी आत्मानंद अंगेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में आगे भी इसी माध्यम से पढ़ाई जारी रख सकेंगे। राज्य में अंग्रेजी माध्यम के 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। इन्हीं में से पहले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण आज कांकेर में हुआ। हमारा प्रयास है कि बस्तर में शिक्षा का उजियारा सभी तरफ फैले ।रायपुर एनआईटी और सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में चयनित कांकेर की छात्राएं गरीब परिवारों की हैं। उन्होने इस कार्यक्रम में कांकेर जिले में स्कूली बच्चों के लिए संचालित 'हमर लक्ष्य' कार्यक्रम अंतर्गत एनआईटी रायपुर में चयनित तीन छात्राओं तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में चयनित एक छात्रा से बातचीत की और उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

### भर्ती परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के विरोध में छात्रों ने किया प्रदर्शन

इंदौर। मध्यप्रदेश में पटवारी और अन्य सरकारी पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के विरोध में आज यहां हजारों छात्र और युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्र और युवा यहां कलेक्टर कार्यालय परिसर जाने के लिए एकत्रित हुए थे, लेकिन उन्हें एक निर्धारित स्थान पर रोक दिया गया और पुलिस प्रशासन ने ऐहतियातन आवश्यक कदम उठाए। प्रदर्शनकारी युवाओं का कहना है कि वे इस भर्ती घोटाले की जांच की मांग राज्य की शिवराज सिंह चौहान सरकार से कर रहे हैं। इसकी निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। वे इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपना चाह रहे थे। दरअसल मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य में पटवारी और कुछ अन्य सरकारी पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षाओं में व्यापक गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की है। आरोप है कि इस परीक्षा में ग्वालियर अंचल के एक ही कॉलेज से जुड़े परीक्षा केंद्र के परीक्षार्थी टॉपर की सूची में शामिल हैं।

### पटवारी चयन परीक्षा के माध्यम से कांग्रेस कर रही प्रदेश को बदनाम करने की कोशिश

भोपाल। मध्यप्रदेश में इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई पटवारी चयन परीक्षा की कथित अनियमितताओं को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज कहा कि कांग्रेस विश्व की आधुनिकतम चयन परीक्षा पर सवाल उठाते हुए इस परीक्षा के माध्यम से प्रदेश को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। डॉ मिश्रा ने इस बारे में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस विश्व की आधुनिकतम चयन परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठा रही है। परीक्षा में सातों टॉपर्स ने अलग-अलग शिफ्ट में परीक्षा दी है। परीक्षा में हर जवाब की रिकॉर्डिंग होती है। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि वे लिखित में अपने मुद्दे दें, सब का जवाब दिया जाएगा। प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में हो रही है, लेकिन ये शर्मनाक है कि कांग्रेस के लोग हिंदी में हस्ताक्षर पर प्रश्न उठा रहे हैं। डॉ मिश्रा ने कहा कि आईआईटी और नीट का एग्जाम कराने वाली सबसे प्रतिष्ठित कंपनी ने पटवारी चयन परीक्षा कराई है।

### छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री डा.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने दिया इस्तीफा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डा.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने लगभग 54 महीने पुरानी भूपेश सरकार से आज इस्तीफा दे दिया। टेकाम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि राजभवन ने अभी तक मंत्री के इस्तीफे की पुष्टि नही की हैं। माना जा रहा है कि भूपेश मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के मद्देनजर उनसे इस्तीफा मांगा गया था। डा.टेकाम वरिष्ठ आदिवासी नेता है और वह राज्य गठन् के बाद जोगी मंत्रिमंडल में तथा 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने पर भूपेश मंत्रिमंडल में तथा इससे पूर्व अविभाजित मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह मंत्रिमंडल में भी मंत्री रह चुके है। राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत 13 मंत्री ही नियमानुसार हो सकते है। इसलिए मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के लिए किसी न किसी का इस्तीफा लिया जाना आवश्यक था।

# एक से ज्यादा शादी पर लगेगी रोक

## इसे तुरंत बैन करना चाहता हूं, अगले सत्र में विधेयक लाएंगे : हिमंत बिस्वा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा- राज्य सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। अगले विधानसभा सत्र में इससे जुड़ा विधेयक पेश किया जाएगा।

हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हम राज्य में बहुविवाह पर तुरंत बैन लगाना चाहते हैं। सितंबर में होने वाले विधानसभा सत्र में इसे बैन करने का विधेयक पेश करेंगे। अगर किसी वजह से इस सत्र में बिल नहीं ला पाए तो इसे



जनवरी में सदन में पेश किया जाएगा। ये बातें उन्होंने गुवाहाटी में मीडिया से बात करते हुए कहीं।

असम के सीएम का यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश में समान नागरिक संहिता ( यूसीसी) पर बहस चल रही है। इस दौरान उन्होंने यूसीसी का भी करने समर्थन करने की बात कही।

सीएम बोले कि लॉ कमीशन ने इसके लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं, संसद में इसे लागू करने के बारे में फैसला लिया जाएगा।

राज्यों का भी इसमें योगदान होगा। अगर यूसीसी आ गया तो यह हमें कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून यूसीसीमें विलय हो जाएगा।

इस दौरान मीडिया ने सरमा से यूसीसी पर कांग्रेस के रुख पर सवाल किया। जवाब में असम के मुख्यमंत्री ने कहा- क्या कोई कांग्रेस का नेता अपनी बेटी ऐसे पुरुष को देगा जिसकी पहले से ही 2 पत्नियां हों? कांग्रेस मुस्लिम महिलाओं का दुख नहीं समझ रही है, सिर्फ मुस्लिम पुरुषों के लिए काम कर रही है।

## छह विदेशियों सहित 118 पर्यटक को बचाया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला प्रशासन ने सांगला घाटी से 118 पर्यटकों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से जिला के चोलिंग में सुरक्षित पहुंचाया गया है। किन्नौर उपायुक्त तोरूल रवीश ने गुरुवार को यहां जानकारी दी। रवीश ने कहा की जिला प्रशासन ने भारतीय सेना, आईटीबीपी, जिला पुलिस और गृह रक्षा के सहयोग से इस बचाव अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर की छह सोर्टिस के माध्यम से 118 व्यक्तियों को सांगला से निकाला गया, जिसमें छह विदेशी पर्यटक और 112 भारतीय पर्यटक शामिल हैं। सुरक्षित निकाले गए पर्यटकों में से पश्चिम बंगाल की शोनाली चटर्जी ने कहा की वह 34 लोगों का समूह है जो हिमाचल प्रदेश के भ्रमण पर आए थे। जिसमें किन्नौर जिला का सांगला भी शामिल था, लेकिन भारी बारिश के कारण वह पांच दिनों से सांगला में ही फंसे हुए थे। सुश्री चटर्जी ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को संपर्क करने के उपरांत उन्हे सांगला से सफलतापूर्वक हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला गया और चोलिंग पहुंचाया गया। इसके उपरांत, उन्हें बस के मध्यम से चंडीगढ़ तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से उन्हें चिकित्सीय सेवा के साथ-साथ मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया गया।

## भाजयुमो का महाआक्रोश प्रदर्शन 18 जुलाई को

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले आगामी 18 जुलाई को होने जा रहे युवा महाआक्रोश प्रदर्शन में राजस्थान लोकसेवा आयोग का पेपरलीक मामले में घेराव करेंगे राज्य के पूर्व शिक्षामंत्री एवं विधायक वासूदेव देवनानी ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गहलोत राज के साढ़े चार सालों में 18 पेपरलीक मामले हुए हैं लेकिन जांच और सजा किसी में नहीं हुई ।बोर्ड की रीट परीक्षा के बाद एस.ओ.जी. की जांच और डी.पी.जारोली का पता ही नहीं चला। क्योंकि इसमें राजीव गांधी स्टडीज सर्किल के लोग लिप्त हैं ।इसके बाद लोकसेवा आयोग पेपरलीक में सदस्य बाबूलाल कटारा की गिरफ्तारी हुई , कटारा की नियुक्ति गहलोत की सिफारिश पर ही हुई थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में ईडी जांच कर रही है ,इस महापेपर घोटाले की जांच और उच्चस्तरीय दोषी सामने आयेंगे । उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत सरकार युवा विरोधी सरकार है ।इनके भर्तियों के आंकड़े भी भ्रमित करनेवाले हैं ।अजमेर भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि गहलोत सरकार को 18 जुलाई को उखाड़ फेंकने का युवा संकल्प लेंगे ।

### करंट से पिता और पुत्र की मौत, एक अन्य झुलसा

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सबलगढ़ अनुभाग में खेत पर काम करते समय आज एक पिता और पुत्र की करंट लगने से मौत हो गयी, जबकि दूसरा बेटा अपने पिता और भाई को बचाने के प्रयास में करंट से बुरी तरह झुलस गया। घायल को उपचार के लिये सिविल अस्पताल सबलगढ़ में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के सबलगढ़ अनुभाग के खेरला गांव निवासी दीनदयाल गौर अपने दो पुत्रों हरिमोहन और पवन गौर के साथ खेत पर काम करने के लिए गया था। तभी अचानक खेत मे करंट फैल गया, जिससे दीनदयाल और हरिमोहन की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गयी।

## दक्षिण कश्मीर में आतंकवादी साजिश मामले में एनआईए ने छापे मारे

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के हाईब्रिड आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के परिसरों पर छापे मारे।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह छापे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी साजिश मामले में चल रही जांच का हिस्सा है।

एनआईए ने कहा कि आज शोपियां ,अवंतीपोरा एवं दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिलों में पांच स्थानों पर छापे



मारे गए। एनआईए ने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू एंड कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू एंड कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ) , कश्मीर टाइगर्स, पीएएएफ और अन्य जैसे नए बने संगठनों के समर्थकों और कैडरों के परिसरों पर भी छापेमारी की।

एनआईए ने कहा कि ये संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम), अल-बद्र और अल-कायदा जैसे विभिन्न प्रतिबंधित पाक समर्थित संगठनों से संबद्ध हैं।

एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि आज की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा वाले कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए।

### हरियाणा का केजरीवाल को जबाव

## हथिनीकुंड बैराज से पानी नियंत्रित नहीं हो सकता

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उन आरोपों को बेबुनियाद, तथ्यों से परे और भ्रामक बताया है जिनमें उन्होंने हथिनी कुंड बैराज से अधिक मात्रा में पानी छोड़ने के कारण यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने की बात कही थी।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सलाहकार (सिंचाई) और पूर्व आईएएस अधिकारी देवेंद्र सिंह ने श्री केजरीवाल के आरोपों के बाद उन्हें लिखे पत्र में कहा कि ऐसा लगता है उनके अधिकारियों ने उन्हें सच्चाई और तथ्यों से अवगत नहीं कराया है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ने के कारण यमुना नदी में जल स्तर बढ़ने के दावे को लेकर जो पत्र केंद्रीय गृह मंत्री को लिखा है, वह न केवल सच्चाई और तथ्यों से परे बल्कि भ्रामक भी है। सिंह ने पत्र में आरोपों को लेकर स्पष्ट किया कि हथिनीकुंड एक बैराज है जो केवल पानी को डाइवर्ट / रेगुलेट करने के लिए है। यह बैराज, बांध नहीं है, जहां से पानी को सीमित मात्रा में संचालित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार जो पानी हथिनीकुंड बैराज की सुरक्षा के लिए यमुना नदी में छोड़ा जा रहा है, वह हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हुई अत्यधिक बारिश के कारण आया है। इस पानी के कारण हरियाणा के यमुनानगर, करनाल, पानीपत और सोनीपत जिलों में भूमि कटाव और जलभराव हुआ है, जिससे राज्य को भारी जानमाल का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि हथिनीकुंड बैराज यमुना नदी पर यमुनानगर जिले में स्थित है, जिसका निर्माण वर्ष 1998-2000 के दौरान पूर्व निर्मित ताजेवाला बैराज के विकल्प के रूप में किया गया था। हथिनीकुंड बैराज से भागीदार राज्यों को 1994 के समझौते के तहत पानी की आपूर्ति की जाती है। इस बैराज में पानी के संग्रहण का कोई उपाय नहीं है। इसमें एक लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी आने पर यह स्वत: ही यमुना नदी में चला जाता है।

अगर बैराज में पानी को रोकने का प्रयास किया जाए तो यह इसके सभी गेट को क्षतिग्रस्त कर सकता है और यह बाढ़ में तब्दील होकर हरियाणा और दिल्ली में भारी तबाही मचा सकता है।

### केदारनाथ यात्रा मार्ग पर पत्थर की चपेट में आने से महिला श्रद्धालु की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर अचानक पहाड़ से पत्थर गिरने से हड़बड़ाई महिला श्रद्धालु गहरी खाई में जा गिरी। महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार, बीते बुधवार देर शाम गुजरात के सूरत शहर निवासी 20 वर्षीय शाली अक्षिता एवं 24 वर्षीय शिवास अन्य लोगों के साथ केदारनाथ के लिए गौरीकुंड से रवाना हुए थे। जैसे ही वह छौड़ी के समीप पहुंचे। तभी छौड़ी गदेरा के समीप ऊपरी पहाड़ी से एक के बाद एक कई पत्थर भरभराकर गिरने लगे, जिसकी चपेट में आने से शाली अक्षिता रास्ते से 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## पीआरटीसी की लापता बस ब्यास नदी में डूबी मिली, चालक का शव बरामद

▸ पीआरटीसी की चार बसें रविवार को हिमाचल के लिये रवाना हुई थी जिनमें से तीन के साथ सम्पर्क साध लिया गया है लेकिन एक बस ब्यास नदी में डूबी पाई गई

चंडीगढ़। पंजाब की पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (पीआरटीसी) की गत रविवार को हिमाचल प्रदेश के मनाली में लापता हुई बस आज सुबह ब्यास नदी में डूबी मिली।

बस से इसके चालक का शव भी बरामद किया गया है, जबकि कंडक्टर लापता है। पीआरटीसी की चार बसें रविवार को हिमाचल के लिये रवाना हुई थी जिनमें से तीन के साथ सम्पर्क साध लिया गया है लेकिन एक बस ब्यास नदी में डूबी पाई गई है। नदी का जल स्तर कम होने पर यह पानी के बीचोबीच डूबी पाई गई। यह सूचना मिलने के बाद पंजाब सरकार ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया है।

सूत्रों के अनुसार पीआरटीसी की बस पीबी65 बीबी 4893 रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-43 बस अड्डे से अपराह्न ढाई बजे मनाली के लिए रवाना हुई थी। इस बस को रात तीन बजे तक मनाली पहुंचना था, लेकिन यह वहां नहीं पहुंची। हिमाचल प्रदेश में हो रही भारी बारिश और तबाही के चलते बस के चालक और सह चालक (कंडक्टर) से जब सम्पर्क साधने का प्रयास किया गया, तो दोनों के फोन बंद पाये गये। बस में कितनी सवारियां मौजूद थी, इसका सही अनुमान लगाना मुश्किल है अलबत्ता चंडीगढ़ बस अड्डे से रवाना होने के समय यहां से आठ टिकटें यात्रियों को जारी की गई थीं।

## धामी ने आपदा राहत कार्यों की समीक्षा की

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति और आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। धामी ने स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रभावितों को रहने, खाने और अन्य आवश्यक सामग्री की पूर्ण उपलब्धता हो। धामी ने कहा कि फूड पैकेट और पेयजल के साथ ही बच्चों को दूध की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। आवश्यकता पड़ने पर हेलीकॉप्टर से भी खाद्य सामग्री भेजी जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी जल्द की जाए। जल जनित रोगों से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक व्यस्थाएं की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन कर लें। बारिश से पेयजल, विद्युत, सड़क और अन्य व्यवस्थाएं जो प्रभावित हुयी हैं, उन्हें शीघ्र सुचारू रुप से बहाल किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागीय सचिव अपने अपने विभागों से संबंधित व्यवस्थाएं देखें और अपने जिला स्तरीय अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहें। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के साथ ही, उनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग से भी लगातार संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों के लिए पर्याप्त बजट है। संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर, मुख्य सचिव डॉ. एस. एस संधू, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## करीब दस हजार पर्यटक कसोल छोड़ने से कतरा रहे : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बारिश से प्रभावित सड़कों और राजमार्गों पर पांच दिनों तक फंसे रहने के बाद कुल्लू के कसोल और खीरगंगा इलाकों में फंसे लगभग 10,000 पर्यटक अपने वाहनों के बिना बाहर जाने में अनिच्छुक हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने उनसे वाहनों की सुरक्षित पार्किंग के बारे में पुलिस पर्ची प्रदान करने का आग्रह किया था और बाद में सड़कें साफ होने पर वे अपने वाहन ले जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्वासन के बावजूद करीब 10 हजार पर्यटकों ने सड़क की बहाली तक बारिश प्रभावित क्षेत्र में रुकने का फैसला किया, जिसमें एक पखवाड़े से लेकर महीनों तक का



समय लग सकता है।

उन्होंने कहा कि गुरुवार को बादल फटने के बाद रिकांग-पियो में 150 पर्यटक मारे गए। चंद्रताल में बचाव अभियान चल रहा है और फंसे हुए लोगों का पहला काफिला लोसर की ओर आ रहा है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और पुणे के 250 लोग पिछले पांच दिनों से चंद्रताल झील में फंसे हुए हैं। हेलीकॉप्टरों से पर्यटकों को बचाने की कोशिश की गई है, लेकिन भारतीय वायुसेना ने पायलट को चंद्रताल पर असुरक्षित जगह पर हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति नहीं दी और अब दो मंत्री फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान की देखरेख कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चंद्रताल पर माइनस चार डिग्री सेल्सियस पर फिसलन भरी सड़क पर गाड़ी चलाना जोखिम भरा है, इसलिए निकासी अभियान में समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि चार किलोमीटर सड़क पर गाड़ी चलाने में एक घंटा लगता है।

कसोल में फंसे सभी विदेशियों को संबंधित दूतावास की मदद से कुल्लू से निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इजराइल के दूतावास ने निकासी की अनुमति मांगी है।

मुख्यमंत्री ने कहा, दूतावास का हेलिकॉप्टर कुल्लू के कई इलाकों में फंसे विदेशी पर्यटकों को निकालने में सक्षम होगा।

उन्होंने कहा कि जो लोग वाहनों सहित फंसे हुए हैं, उन्हें अपने वाहन ले जाने का आश्वासन दिया जा रहा है, जिन्हें पुलिस हिरासत में रखा जाएगा और यदि वे तुरंत घर जाना चाहते हैं तो वाहन के मालिक को एक रसीद सौंपी जाएगी।

सरकार को बारिश से प्रभावित सड़कों को बहाल करना है, लेकिन इसमें समय लगेगा और बेहतर होगा कि पर्यटक अपने घरों को लौट जाएं. सरकार किसी पर घर जाने के लिए दबाव नहीं बनाएगी, बल्कि बचाव अभियान पूरा होने तक उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

## मिशन चन्द्रयान-3 की उल्टी गिनती शुरु

**चेन्नई।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के लिए कल 25. 5 घंटे की उल्टी गिनती गुरुवार को दोपहर एक बजकर 05 मिनट से श्रीहरिकोटा के शार रेंज पर शुरू हो गई।

मिशन तैयारी समीक्षा के बाद, प्रक्षेपण प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी जिसके बाद सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (एसडीएससी केंद्र) में प्रतिष्ठित मिशन की उलटी गिनती शुरू हो गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक ट्वीट में कहा, %%एलवीएम3 एम4/चंद्रयान-3 मिशन~ कल भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 35 मिनट 17 सेंकेड पर बजे प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो गई है।

इसरो 170 गुना 36500 किलोमीटर आकार की एलिप्टिक पार्किंग कक्षा में



एकीकृत चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान मॉड्यूल को लॉन्च करने के लिए अपने सबसे भारी रॉकेट लॉन्च वाहन मार्क - 3 (एलवीएम 3-एम 4) का उपयोग करेगा। 642 टन भार के साथ 43.5 मीटर लंबा वाहन वाहक शुक्रवार को दोपहर 2.35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।

चन्द्रयान-3 को उड़ान भरने के लगभग 16 मिनट बाद 179 किलोमीटर की जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया जाएगा, जहां से यह चंद्र सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने के लिए अपनी लंबी यात्रा शुरू करेगा। 3.5 लाख किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा के बाद अगस्त के आखिरी हफ्ते में सॉफ्ट लैंडिंग होने की उम्मीद थी।

इसरो अध्यक्ष एस.सोमनाथ के अनुसार चंद्रमा पर सूर्योदय होने पर तिथि (उतरने की तिथि) तय की जाती है। जब हम उतर रहे हों तो सूर्य की रोशनी अवश्य होनी चाहिए। इसलिए लैंडिंग 23 या 24 अगस्त को होगी। उन्होंने कहा कि यदि 23 या 24 अगस्त को योजना के अनुसार चन्द्रयान की लैंडिंग नहीं होती है, तो इसरो सितंबर में लैंडिंग का प्रयास करने के लिए एक और महीने तक इंतजार करेगा।

### देव दर्शन पदयात्रा में मंत्री रावत एवं डा गर्ग हुए शामिल

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में देवस्थान विभाग द्वारा सिरकी वाले हनुमान मन्दिर से बिहारी जी मन्दिर तक आज आयोजित देव दर्शन पदयात्रा में देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत, तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के अलावा देवस्थान विभाग, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों सहित शहर के धर्मप्रेमी शामिल हुए। बिहारी जी मन्दिर पर हुई संपन्न हुई देवदर्शन पदयात्रा के अवसर पर देवस्थान मंत्री रावत ने कहा कि मन्दिर संस्कृति एवं स्थापत्य कला से आमजन को रूबरू कराने के लिये ये कार्यक्रम आयोजित किये गए है जबकि तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. गर्ग ने कहा पदयात्रा से भावी पीढी का भारतीय संस्कृति एवं विरासत से परिचय होगा।

## धामी ने आपदा राहत कार्यों की समीक्षा की

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति और आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। धामी ने स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रभावितों को रहने, खाने और अन्य आवश्यक सामग्री की पूर्ण उपलब्धता हो। धामी ने कहा कि फूड पैकेट और पेयजल के साथ ही बच्चों को दूध की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। आवश्यकता पड़ने पर हेलीकॉप्टर से भी खाद्य सामग्री भेजी जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी जल्द की जाए। जल जनित रोगों से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक व्यस्थाएं की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन कर लें। बारिश से पेयजल, विद्युत, सड़क और अन्य व्यवस्थाएं जो प्रभावित हुयी हैं, उन्हें शीघ्र सुचारू रुप से बहाल किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागीय सचिव अपने अपने विभागों से संबंधित व्यवस्थाएं देखें और अपने जिला स्तरीय अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहें। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के साथ ही, उनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग से भी लगातार संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों के लिए पर्याप्त बजट है। संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर, मुख्य सचिव डॉ. एस. एस संधू, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, सचिव आपदा प्रबन्धन डॉ. रंजीत

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली में सभी स्कूल-कॉलेज संडे तक बंद, सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाढ़ से बिगड़ती स्थिति पर चर्चा के लिए गुरुवार दोपहर को हुई दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की मीटिंग में राजधानी के सभी स्कूल-कॉलेजों को रविवार तक बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम लागू कर दिया गया है। उपराज्यपाल विनय सक्सेना की अध्यक्षता में हुई इस इमरजेंसी मीटिंग में सीएम और डीडीएमए के उपाध्यक्ष अरविंद केजरीवाल समेत सभी विभागों के तमाम बड़े अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने डीडीएमए की बैठक की, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राजधानी के सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय रविवार तक बंद रहेंगे। आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ऑफिसों को छोड़कर सभी सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम लागू होगा। उन्होंने कहा कि निजी दफ्तरों के लिए भी वर्क फ्रॉम होम की एडवाइजरी जारी की जा रही है। हमें पानी की राशनिंग करनी होगी क्योंकि 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद हैं और लोगों को एक-दो दिन पानी संकट का सामना करना पड़ेगा। आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों को छोड़कर, दिल्ली में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

### 10 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने 167 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। ये शराब पंजाब से गाड़ी में प्लास्टिक की टेबल के बीच से काटकर उसके अंदर छिपाकर लाई जा रही थी। आरोपी पंजाब से अवैध शराब की तस्करी कर ग्रेटर नोएडा के रास्ते बिहार ले जा रहे थे। पकड़ी गई शराब की कीमत 10 लाख बताई जा रही है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस और आबकारी विभाग को सूचना मिल रही थी कि आईसर कैंटर से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद लोकल इंटेलिजेंस, बीट पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर एक कैंटर को पकड़ लिया। जिसमें बड़े खुफिया तरीके से शराब छुपी हुई थी। उस कैंटर में रखी हुई प्लास्टिक की टेबलों को काटा हुआ था और उन प्लास्टिक की टेबल के बीच में हिस्सा बनाकर उसमें शराब की पेटियों को छुपाया गया था। पुलिस से बचाव के लिए ऊपर व नीचे सही-सही टेबल लगा रखे थे और अंदर कटी हुई टेबलो में शराब की पेटियां थी। चेकिंग के दौरान उस कैंटर से शराब की करीब 1500 बोतल व 1008 हाफ यानी 167 पेटियां बरामद की।

### सीवर ओवरफ्लो होने से अंडरपास में जलभराव

गौतम बुद्ध नगर। लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रेटर नोएडा में सीवर ओवरफ्लो होने के कारण अंडरपास में जलभराव हो गया। अंडर पास में इतना पानी भर गया कि वहां से गाड़ियों का निकलना मुश्किल हो गया। इस दौरान कई गाड़ियां पानी अंदर जाने से खराब हो गईं। ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन के पास नोएडा एक्सप्रेस-वे के नीचे बने हुए अंडर पास में पानी भर गया। बताया जा रहा है कि अंडर पास के नजदीक बना हुआ सीवर ओवरफ्लो हो गया और उसका पानी बाहर आने लगा। पानी बाहर आने की वजह से वह सारा पानी अंडरपास के नीचे ही भर गया, जिसकी वजह से जमकर जलभराव हो गया और लोगों को परेशानी होनी शुरू हो गई। अंडर पास से वाहन लेकर गुजर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान काफी गाड़ियां इस जलभराव की वजह से पानी में ही बंद पड़ गईं और एक स्कूल बस भी अंडरपास के नीचे ही खराब हो गई।

### मोदीनगर में मासूम के साथ सामूहिक कुकर्म

मोदीनगर। मोदीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में जामुन खिलाने के बहाने खेत में ले जाकर 12 साल के बच्चे के साथ सामूहिक कुकर्म करने का मामला सामने आया है। मासूम की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को मामले की पता चला। जिसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कुकर्म करने वाले दो किशोरों को हिरासत में ले लिया है। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनका 12 वर्षीय पुत्र कक्षा छह का छात्र है। परिजनों ने बताया कि उनका पुत्र बदहवास स्थिति में रोता हुआ घर पहुंचा। जब उससे रोने का कारण पूछा तो पहले तो वह जोर-जोर से रोने लगा। इसके बाद उसने जो बताया वह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। बच्चे ने बताया कि गांव के ही दो युवक उसे जामुन खिलाने के बहाने खेत ले गए। पहले उन्होंने खेत में पेड़ से जामुन तोड़कर खिलाई। इसके बाद बारी-बारी से छात्र के साथ उन्होंने कुकर्म किया। सामूहिक कुकर्म होने के कारण छात्र की हालात बिगड़ गई। किसी तरह वह अपने घर पहुंचा।

### डिपो में खड़ी पिंक बस में लगी आग

साहिबाबाद। साहिबाबाद डिपो में मरम्मत के लिए खड़ी पिंक बस में मंगलवार देर रात आग लग गई। इससे बस के आगे का हिस्सा जलकर राख हो गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि साहिबाबाद डिपो परिसर में पिछले महीनों से मरम्मत के लिए 50 बसें खड़ी हैं। मंगलवार देर रात दो बजे परिसर में खड़ी पिंक बस आग लग गई। उस समय डिपो परिसर में तैनात कर्मचारियों ने आनन फानन में पानी और अग्निशमन यंत्र से आग बुझा दी। बुधवार सुबह कर्मचारियों ने आग की सूचना दी। क्षेत्रीय प्रबंधक केएन चौधरी और एसएम बीके चौधरी ने मौके पर निरीक्षण किया। एसएम बीके चौधरी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में किसी की परछाई दिखाई दी है। फोरमैन और रात के समय तैनात कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की चांच पड़ताल करने के बाद लिंक रोड थाना में शिकायत दी गई।

### मधुबन बापूधाम में कूड़ा डालने पर विरोध, हंगामे के बाद लौटाई 30 गाड़ी

गाजियाबाद। कूड़े का निस्तारण करने में फेल नगर निगम अब इधर-उधर कूड़ा डाल रहा है। बुधवार को मधुबन-बापूधाम में पहुंचे 30 ट्रक कूड़े को स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर लौटा दिया। करीब एक एक घंटे तक हंगामा चलता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। शहर से रोजाना करीब 1400 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। कूड़े के निस्तारण के लिए मोरटा में प्लांट बनाया गया था। 30 जून को मेयर सुनीता दयाल साइट का विजिट किया तो पता चला कि दिल्ली का कूड़ा प्लांट पर लाया जा रहा है। उन्होंने राजनगर एक्सटेंशन और पाइपलाइन चौकी के पास एमसीडी लिखे नौ ट्रक पकड़े। मामले में मेयर के निर्देश पर नंदग्राम थाने में प्लांट संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जमीन के मालिक ने किरायानामा का करार बढ़ाने से इन्कार कर दिया। इसके बाद कूड़े को लेकर किचकिच शुरू हो गई है। नगर निगम ने पाइपलाइन के पास कूड़ा निस्तारण के लिए करीब 12 बीघे जमीन पर कूड़ा डालना शुरू किया तो कांवड़ यात्रा शुरू हो गई।

### सोसाइटी में फॉल्स सीलिंग का हिस्सा गिरा

गुरुग्राम। सेक्टर-104 स्थित गोदरेज समिट सोसाइटी में एक फ्लैट के मेन गेट के बाहर छत से फाल्स सीलिंग का एक बड़ा टुकड़ा टूटकर गिर पड़ा। संयोग से नीचे उस समय कोई नहीं था वरना किसी को चोट लग सकती थी। पूरी घटना का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाला गया है। इसमें जिला प्रशासन के साथ-साथ मुख्यमंत्री कार्यालय को भी जोड़ा गया है और वहां तक अपनी बात पहुंचाई है। गोदरेज समिट सोसाइटी के जे टावर में फ्लैट संख्या-004 है। इस फ्लैट के मुख्य दरवाजे के सामने ही फॉल्स सीलिंग गिरी है। उस समय फ्लैट के मालिक बाहर थे। जो टुकड़ा गिरा है उसका वजन करीब 6 किलो तक का है। उसमें लोहे के टुकड़े भी हैं। सोसाइटी के अन्य लोगों का कहना है कि यहां पर लगातार सीलन की समस्या बनी हुई है। दो साल से लगातार इसकी शिकायत बिल्डर से कर रहे हैं। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। अन्य निवासियों का कहना है कि वह 2017 में यहां आए हैं। तभी से सोसाइटी में सीलन आने की समस्या बनी हुई है। साथ ही रखरखाव भी बेहद घटिया स्तर का है।

# यमुना के बढ़ते जलस्तर ने तोड़ा 45 साल का रिकॉर्ड, 208.62 मीटर तक पहुंचा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में यमुना के बढ़ते जलस्तर 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और गुरुवार अपराह्न एक बजे तक जलस्तर 208.62 मीटर तक पहुंच गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद यहाँ के सभी स्कूलों-कॉलेजों और विश्विद्यालयों के साथ दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों को रविवार तक के लिए बंद करने का आदेश दिया है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आज डीडीएमए की बैठक में यमुना में बढ़ते जल स्तर को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। केजरीवाल ने निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि यमुना का जल स्तर अभी बढने की संभावना है इसलिए आवश्यक सेवाओं को छोड़कर दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों को रविवार तक बंद करने का आदेश दिया गया है।

सभी कर्मचारी रविवार तक घर से ही काम करेंगे। प्राइवेट संस्थानों को भी एडवाइजरी जारी कर अधिक से अधिक वर्क फ्राम होम करने की अपील की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को बंद करना पड़ा है।

इससे 25 फीसद पानी का प्रोडक्शन कम हो गया है। दिल्ली सरकार पानी की राशनिंग कर रही है।

केजरीवाल ने कहा कि यमुना का जल



स्तर लगातार बढ़ने की वजह से नदी के आसपास की सड़कों पर पानी आ गया है। उन्होंने कहा कि यमुना का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। अब यह सुबह के 208.46 से बढ़कर अपराह्न एक बजे तक 208.62 मीटर पर पहुँच गया है।

बढ़ते हुए जल स्तर के कारण, यमुना के आस पास की सड़कों पर आ गया है। आपसे अनुरोध है कि इन रास्तों पर न जायें।

उन्होंने कहा, जिन आबादी वाले इलाक़ों में पानी भरा है, वहाँ से लोगों को हटा रहे हैं। वहाँ रहने वालों से अनुरोध है कि प्रशासन का सहयोग करें। लोगों की जान बचाना सबसे ज़रूरी है। सभी दिल्ली वालों से अपील है कि इस आपातकाल स्थिति में एक दूसरे का हर संभव सहयोग करें।

यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से इस समय तीन मीटर ऊपर है। जिससे मजनूटीला, चंदगीराम अखाड़े, कश्मीरी गेट, यमुना बाजार, निगम बोध घाट, गीता कालोनी श्मशान घाट, लालकिले की पीछे के क्षेत्र, राजघाट, आईटीओ और मयूर बिहार के इलाके में पानी भर गया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के कर्मचारी जगह जगह मिट्टी से भरी बोरियां लगा रहे है ताकि पानी ज्यादा आगे न आ सके।

उल्लेखनीय है कि श्री केजरीवाल ने यमुना में बढ़े जलस्तर के मद्देनज़र अधिकारियों के साथ कल आपात बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था कि यमुना में जलस्तर बढ़ता जा रहा है और दिल्ली में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली में यमुना का खतरनाक स्तर 205.33 मीटर है जबकि इस वक्त दिल्ली में यमुना का जल स्तर खतरे के निशान से तीन मीटर से ऊपर पहुंच गया है।

इससे पहले 1978 में यमुना का अधिकतम जल स्तर 207.49 मीटर पहुंचा था, उस समय दिल्ली में बाढ़ आई थी। दिल्ली का 45 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है और यमुना का जल स्तर इससे भी आगे पहुंच चुका है।

# राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा : आप

**प्रभावित लोगों की मदद और उन्हें हर जरुरी सुविधाएं मुहैया करवाने की हर संभव कोशिश जारी**

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि पार्टी के सभी विधायक,पार्षद और कार्यकर्ता दिल्ली के विभिन्न इलाकों में राहत तथा बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

'आप' के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक आज यहां मरघट वाले हनुमान मंदिर के पास लोगों को बाढ़ से बचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राहत कार्य में सहयोग देने पहुंचे। इस दौरान पाठक ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। डूब क्षेत्रों से लोगों को सकुशल बाहर निकाला जा रहा है। प्रभावित लोगों की मदद और उन्हें हर जरुरी सुविधाएं मुहैया करवाने की हर संभव कोशिश जारी है। खादर इलाकों से लोगों को निकालने के साथ केजरीवाल सरकार ने राहत शिविर लगाए है, जहां लोगों के रहने, खाने-पानी, मेडिकल सहित अन्य तमाम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

पार्टी विधायक संजीव झा ने बुराड़ी के प्रधान एन्क्लेव यूजीआर के पास बने बाढ़ राहत कैंप का जायजा लिया।



उन्होंने बताया यमुना का जलस्तर 208.46 मीटर तक पहुंच चुका है जो फिलहाल यह स्तर बुराड़ी पुस्ते की वास्तविक ऊंचाई 214 मीटर से नीचे है। एहतियात के रूप में बाढ़ ग्रस्त लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है, अभी बुराड़ी के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा नहीं है। दिल्ली सरकार की सभी एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद है। शरणार्थियों के लिए मोबाइल टॉयलेट, बेड्स, टेंट, पानी का टैंकर और खाने का प्रबंध किया गया है। 'आप' विधायक कुलदीप कुमार पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सहायता पहुंचाने पहुंचे। उन्हें प्रभावितों को खाद्य सामग्रियां उपलब्ध कराई। कुलदीप कुमार ने कहा कि यमुना में बढ़ते जलस्तर के कारण जलभराव का खतरा बना हुआ है, लेकिन हम सभी दिल्लीवासी मिलकर इससे निपट रहे हैं। दिल्ली के कृष्णा नगर से विधायक एस के बग्गा ने श्मशान घाट पुस्ता और अन्य निचले इलाक़ों का दौरा किया।आउन्होंने बताया कि गीता कॉलोनी श्मशान घाट पर पानी भर चुका है और अन्य निचले इलाक़ों में भी पानी आने की संभावना है। प्रशासन अपना काम कर रहा है और आप लोग भी अपना ध्यान रखें और प्रभावित इलाक़ों की तरफ़ जाने से बचें।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा के हथिनिकुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है जिस कारण खादर इलाकों में यमुना का पानी घुस गया है।

## जीडीए अब नहीं बनाएगा पीएम आवास

**गाजियाबाद।** आर्थिक संकट और जमीन की कीमतें ज्यादा होने की वजह से जीडीए अब और प्रधानमंत्री आवास नहीं बनाएगा। प्राधिकरण की ओर से अब सिर्फ उन प्रोजेक्ट को पूरा किया जाएगा, जो पूर्व में शुरू हो चुके हैं। जीडीए के इस प्रस्ताव पर शासन से सहमति मिल गई है। यूपी सरकार ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को 36 हजार प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य दिया था। कुछ समय बाद जीडीए ने इस लक्ष्य को कम करने का अनुरोध किया था। इस पर लक्ष्य को घटाकर 20 हजार कर दिया गया। इसमें से आठ हजार फ्लैट बिल्डरों के माध्यम से बनवाए जाने थे, जबकि बाकी 12 हजार भवनों का निर्माण जीडीए को खुद कराना था। जीडीए की ओर से प्रताप विहार में प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। कुछ माह पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया। इन भवनों का निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा। जीडीए की ओर से 3496 फ्लैटों का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि बिल्डरों की ओर से 2805 भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद जीडीए ने अब नए भवनों का निर्माण शुरू कराने में असमर्थता जताई है।

## दिल्ली में एक-दो दिन हो सकती है पानी की किल्लत : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि यमुना का जल स्तर बढ़ने के बाद दिल्ली जल बोर्ड को मजबूरन तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स बंद करने पड़े जिससे यहां जल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

केजरीवाल ने वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को बंद करना पड़ा है। प्लांट के मशीनों में पानी घुस गया है। इससे दिल्ली में पानी का उत्पादन 25 फीसद कम हो गया है। दिल्ली के लोगों को एक-दो दिन पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता हैं।

जल घटते ही मशीनों को सुखाकर दोबारा प्लांट को शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकलें और ज्यादा से ज्यादा वर्क फ्रॉम होम करें।

उन्होंने कहा, पहली बार दिल्ली में यमुना का जल स्तर इतना ऊपर तक आया है। इस समय यमुना का जल स्तर 208.60 मीटर को पार कर गया



है। इतना ऊपर तक जल स्तर पहुंचेगा, यह किसी ने सोचा नहीं था। तीनों प्लांट्स को बंद होने से दिल्ली में करीब 25 फीसद पानी का उत्पादन कम हो जाएगा। इसके अलावा यमुना के निचले इलाकों में हमारे कई ट्यूबवेल्स चलते थे, पानी भरने की वजह से उनको भी बंद कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, यमुना का पानी तेजी से सड़कों पर भी आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रभावित इलाक़े के लोग अगर ज्यादा जरूरी न हो तो घर से न निकले और ज्यादा से ज्यादा वर्क फ्रॉम होम करें। दिल्ली में बनाए गए राहत केंद्रों में हम सारी सुविधाएं देने की कोशिश कर रहे हैं।

## दिल्ली सरकार हालात से निपटने में नाकामयाब : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार से मांग की है कि राजधानी में बाढ़ की वजह से पैदा हुई अभूतपूर्व स्थिति पर चर्चा के लिए दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति से निपटने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। दिल्लीवासी संकट में हैं और संकट की इस घड़ी में दिल्ली सरकार कहीं भी नजर नहीं आ रही।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में हजारों लोग बाढ़ की वजह से बेघर होकर सड़कों पर आ गए हैं। इन लोगों को छत और खाने की सुविधा मुहैया कराना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए थी लेकिन हैरानी की बात यह है कि दिल्ली सरकार को इन लोगों की कोई सुध नहीं ली। बेघर हुए बाढ़पीड़ितों को टैंट, भोजन, डॉक्टर, दवाइयां, दूध और शौचालय कुछ भी उपलब्ध नहीं कराया गया। सच्चाई तो यह है कि दिल्ली सरकार कोरोना की



तरह एक बार फिर बेबस हाथ मलती नजर आई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और मंत्री केवल फोटो खिंचवाने के लिए बाहर निकले और फिर बेघर हुए गरीब लोगों को बेसहारा छोड़ दिया। केवल प्रस कांफ्रेंस के जरिए प्रचार के अलावा सरकार ने तिनका भी टेढ़ा नहीं किया। बिधूड़ी ने उदाहरण देते हुए बताया कि बदरपुर विधानसभा के जैतपुर विश्वकर्मा कॉलोनी में यमुना की बाढ़ से 3 हजार घर डूब गए। इन लोगों के लिए भाजपा की तरफ से खाना, दवाइयां और पीने का पानी उपलब्ध कराया गया लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी उनके पास कोई सरकारी सुविधा नहीं पहुंची। पूरी दिल्ली का यही हाल है।

## जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा में युवा सशक्तिकरण एवं उत्थान हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया

ग्रेटर नोएडा। जी एनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान (जी आई एम एस), ग्रेटर नोएडा, में युवा सशक्तिकरण एवं उत्थान हेत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों में भविष्य निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता विकास वैभव आईपीएस बिहार कैडर, रहे।

संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह जी ने अतिथि महोदय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। एवं संस्थान के निदेशक डॉक्टर भूपेंद्र कुमार सोम जीने अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर अपने उद्घाटन भाषण में निदेशक महोदय ने संस्थान के प्रबंधन समिति एवं आज के अतिथि रहे विकास वैभव जी का स्वागत कर, संस्थान द्वारा इस तरीके के किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत से प्रकाश डाला।

संस्थान के सीईओ स्वदेश जी ने इस



अनूठी पहल के लिए विकास वैभव जी की भूरी भूरी प्रशंसा की, और यह आग्रह किया कि भविष्य में भी छात्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण से निमित्त इस तरीके के संबोधन के एक श्रंखला संस्थान में उनके सहयोग से निरंतर आयोजित की जा सके।

आज के मुख्य वक्ता रहे श्रीमान विकास वैभव जी ने अपने प्रारंभिक विचार रखते हुए, छात्रों से उनके लक्ष्य एवं लक्ष्य प्राप्ति के प्रयासों पर प्रश्न रखा। प्रश्न के उत्तर स्वरूप छात्रों द्वारा मिले उत्तर से ही उन्होंने अपने आज के संगोष्ठी का शुभारंभ किया, और छात्रों से यहां साझा किया कि जैसे एक शिल्पकार अपनी कलाकृति का छाया चित्र सर्वप्रथम अपने मस्तिष्क में अंकित करता है और फिर उसी छायाचित्र को वह पूर्णता अपनी कलाकृति में प्रस्तुत कर देता है। उसी अनुसार आज के युवाओं को भी सर्वप्रथम लक्ष्य निर्धारण करना चाहिए एवं लक्ष्य प्राप्ति से निर्मित समस्त कार्य पद्धतियों को संगठनात्मक तरीके से विचार करते हुए क्रियान्वित करना चाहिए। धर्म शास्त्र उपनिषद एवं स्मृतियों में वर्णित अनेकों अनेक उदाहरणों द्वारा उन्होंने छात्र जीवन एवं उससे जुड़े हुए भविष्य निर्माण हेतु विचारों द्वारा छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इसी क्रम में उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास को परिलक्षित करने वाली विभिन्न मनुस्मृति, कहानियां, एवं परिस्थितियों पर बड़े ही स्पष्ट तरीके से विवेचना करते हुए छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने इस भारत भूखंड के स्वर्णिम इतिहास एवं उसमें उपस्थित विभिन्न गौरवशाली गाथाओं जो जीवन निर्माण एवं संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण की परिभाषा को छात्रों मैं स्थापित कर सकती थी बड़े ही कौशल पूर्ण तरीके से छात्रों के समक्ष रखा।

उन्होंने अपने प्रारंभिक जीवन काल से लेकर बाल्यवस्था किशोरावस्था एवं तत्कालीन परिवेश में अपने कार्य क्षेत्र से जुड़े हुए विभिन्न प्रेरणादायक स्मृतियां साझा की। जिसका एकमात्र उद्देश्य था की बाधाएं मनुष्य को उसके लक्ष्य को हासिल करने में कभी बाधक नहीं हो सकती हैं अगर मन का विश्वास अटल है। उन्होंने बाधाओं को सकारात्मक तरीके से अपनाने एवं उन पर क्रियाशील होकर विजय हासिल करने की प्रेरणा दी।

## ग्रेटर नोएडा के प्लाजा में आग, शीशा तोड़कर कूदे युवक

### तीसरी मंजिल से गिरकर 3 लोग जख्मी




नोएडा। ग्रेटर नोएडा के गैलेक्सी प्लाजा की तीसरी मंजिल में भीषण आग लग गई है। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे आग लगते ही पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया। इसमें अफरा-तफरी मच गई। तीसरी मंजिल पर 3 लोग अंदर फंस गए। इसमें एक युवती भी थी। धुआं बढ़ने से घबराकर वह बिल्डिंग का शीशा तोड़कर बचने के लिए बाहर लटक गए।

कुछ देर लटकने के बाद जब कोई मदद नहीं मिली, तो तीनों एक के बाद एक नीचे कूद गए। नीचे स्थानीय लोगों ने बोरी-गद्दा बिछाया था। हालांकि, करीब 25 से 30 फीट की ऊंचाई से गिरने की वजह से उनको गंभीर चोट आई हैं। तीनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सिटी में हुआ है।

मौके पर पहुंची दमकल की 5 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। तीसरी मंजिल में आग लगने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कत हुई। धुआं बाहर निकालने के लिए फायरमैन ने बिल्डिंग के कई शीशे तोड़ दिए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा अनिल कुमार यादव ने बताया कि कुलिंग के बाद बिल्डिंग के एक-एक हिस्से में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बिल्डिंग में काफी धुआं भरा हुआ है। फिलहाल, अभी तक किसी की मौत की सूचना नहीं है।

#### प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में लगी आग, शॉर्ट सर्किट की संभावना

आग कैसे लगी यह अभी क्लियर नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आ रही है। हालांकि, जांच के बाद ही सही बात पता चल पाएगी। प्लाजा में आग की शुरुआत तीसरी मंजिल पर बने प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस से हुई। पूरी बिल्डिंग शीशे से पैक थी। ऐसे में कुछ ही मिनटों में धुआं पूरी बिल्डिंग में फैल गया।

हादसे में जो तीन लोग कूदकर घायल हुए हैं। वो प्रॉपर्टी डीलर के यहां काम करते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्लाजा में कभी ज्यादा दुकानें नहीं हैं।

इस कारण भीड़ कम थी। वरना बड़ी घटना हो सकती थी। हादसे के वीडियो भी वायरल हुए हैं। इसमें दिख रहा है कि एक युवक और युवती बिल्डिंग पर लटके हुए हैं। दूसरे वीडियो में लड़का कूदता हुआ नजर आ रहा है।

## गौतम बुद्ध नगर में 14 जुलाई को बंद रहेंगे स्कूल

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर में 14 जुलाई को कक्षा 12 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। इसको लेकर जिलाधिकारी मनीष वर्मा के निर्देश पर शिक्षा विभाग के द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि 14 जुलाई को कक्षा 12 तक के जिले के सभी विद्यालय बंद रहेंगे। यमुना नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर और भारी बारिश की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है।

गौतमबुद्ध नगर के जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे यमुना खादर क्षेत्रों और निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका व्यक्त की जा रही है। वहीं अगले घंटों के दौरान गौतमबुद्ध नगर जिले में भारी बारिश होने की संभावना है।

#### फसलें बर्बाद होने की कगार पर

इन हालात के मद्देनजर डीएम मनीष वर्मा ने कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों को 14 जुलाई को बंद रखने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि आदेश उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद और अन्य बोर्ड के स्कूलों पर भी लागू होगा। गौरतलब है कि यमुना का जलस्तर काफी बढ़ गया है और खादर क्षेत्र में कई जगह पर जलभराव हो गया है। सेक्टर 125 से लेकर 135 तक खादर क्षेत्र में जमकर जल भरा हुआ है और यहां पर किसानों की फसलें बर्बाद होने की कगार पर है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शुक्रवार 14 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## सड़क धंसने की घटनाएं, हादसे को न्योता

दिल्ली में हर साल कुछ देर की बरसात के बाद सड़कों पर जलजमाव और उससे यातायात का पूरी तरह ठहर जाना एक ऐसी आम समस्या बन चुकी है, जो तमाम सवालों के बावजूद लंबे समय से कायम है। लेकिन इससे इतर सामान्य से ज्यादा बारिश के बाद दिल्ली के कई इलाकों में इस साल फिर जिस तरह सड़कों के धंसने के मामले सामने आए हैं, वह ज्यादा चिंताजनक है।

पिछले कुछ दिनों में रोहिणी, ग्रेटर कैलाश और जनकपुरी इलाके में अचानक सड़क पर एक बड़ा हिस्सा धंस कर गहरा गड्ढा बन गया। ये गड्ढे इतने खतरनाक शक्ल में हो जा रहे हैं कि कोई वाहन गिर जाए तो उसमें सवार लोगों का जिंदा बचना भी मुश्किल हो। दिल्ली के केंद्र में संवेदनशील माने जाने वाले इलाके इंडिया गेट के पास भी मंगलवार को बारिश की वजह से सड़क पर एकाएक बड़ा गड्ढा बन गया।

हाल ही में जनकपुरी में सड़क धंसने से बना गड्ढा इतना बड़ा था कि अगर कोई भारी वाहन भी उस समय वहां से गुजर रहा होता तो उसमें पूरा समा जाता। द्वारका इलाके में एक ऐसी घटना सामने आ चुकी है कि जिसमें सड़क धंसने से एक कार उसके अंदर समा गई थी।

ऐसी घटनाओं के बाद आनन-फानन में मरम्मत करवा कर यातायात तो फिर सामान्य बना दिया जाता है, लेकिन सड़क के इस तरह धंसने के कारणों पर शायद विचार करने की जरूरत नहीं समझी जाती। सवाल है कि राष्ट्रीय राजधानी में भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी अगर इस स्तर की है कि जहां-तहां सड़कों का धंसना बड़े हादसे का कारण बन सकता है तो देश के दूरदराज के इलाकों में स्थिति क्या होगी! लगभग सभी सरकारें सड़क निर्माण के मामले में बढ़-चढ़ कर दावे करती रहती हैं।

लेकिन बरसात की वजह से अच्छी मानी जाने वाली सड़कें भी जानलेवा स्तर तक खतरनाक होने लगें तो उसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी? दरअसल, दिल्ली में जितनी जगहों पर भी सड़क धंसने के मामले सामने आए हैं, उन्हें पानी जमा होने की वजह से कोलतार या अन्य सामग्रियों के बिखरने से होने वाला सामान्य गड्ढा नहीं माना जा सकता। यह न केवल सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की वजह से सामग्रियों में कटौती या घटिया सामान के उपयोग का मामला है, बल्कि यह सड़क के नीचे के जमीन के ठोस होने का आकलन करने में चूक या इसका ध्यान रखने में नाकामी का भी उदाहरण है।

ऐसा लगता है कि सड़क बनाने के क्रम में सतह के नीचे की स्थिति के सर्वेक्षण में इस पहलू को नजरअंदाज कर दिया जाता है कि पानी या किसी अन्य वजह से क्या कोई जोखिम पैदा हो सकता है! ऐसे मामले भी हैं जिनमें सड़क के किनारे से पानी का पाइप कहीं से फट जाता है और उससे पानी निकलता रहता है। या फिर सीवर लाइन में गड़बड़ी की वजह से रिसते पानी से जमीन धीरे-धीरे खोखली होती रहती है।

ऐसे में जब बारिश होती है तब पहले से खोखली हो चुकी जमीन ऊपर बनी सड़क या उस पर भारी वाहनों के आने-जाने का भार सहन नहीं कर पाती है और अचानक ही धंस जाती है। मगर पानी के पाइप या सीवर लाइन के दुरुस्त होने पर नजर रखना एक गैरजरूरी काम माना जाता है। जबकि इस अनदेखी के घातक नतीजे सामने आते हैं। फिर आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जमीन की स्थिति का अंदाजा लगा कर समय पर उसमें सुधार या मरम्मत करके सुरक्षित बनाया जा सकता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सड़क धंसने की घटनाओं को नजरअंदाज करना किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

## मानसून में डूबते शहर

हर बार ग्रीष्म ऋतु में ज्यादातर भारतीय गर्मी का सामना करते हैं और उन्हें मानसून से ही राहत मिलती है। फसलों के लिए मानसून पर निर्भर रहने वाले किसान यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतते हैं, कि उनकी फसलों को बारिश से फायदा हो। इसके साथ बहुत-से लोग ऐसे भी होते हैं, जो प्रकृति के प्रकोप से डरते हैं, क्योंकि भयंकर बारिश तबाही मचा देती है। और यह अब सिर्फ शहरी क्षेत्रों की कहानी नहीं है, बल्कि इन दिनों पूरा भारत गंभीर मानसून के प्रकोप का सामना कर रहा है। बड़े से लेकर छोटे शहरों तक का जलमग्न होना और लोगों का इससे प्रभावित होना अब आम बात हो गई है। मूसलाधार बारिश और बाढ़ से उत्तर भारत के सात राज्य और केंद्र शासित प्रदेश बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली शामिल हैं। अभी जुलाई की शुरुआत है और पहले ही देश के कई हिस्से भारी बारिश का सामना कर रहे हैं। विडंबना यह है कि कुछ महीने पहले ही भविष्यवाणी की गई थी कि हमें अल नीनो प्रभाव का सामना करना पड़ेगा, जो मूलतः मानसून को दबा देता है, जिससे मानसून के दिनों में कुल बारिश में कमी हो जाती है। लेकिन हाल के हफ्तों में हुई बारिश को देखें, तो जलमग्न होने के कारण कई शहर ठप पड़ गए हैं और कई स्थानों पर स्कूलों को बंद कर दिया गया है। विभिन्न कार्यालयों को यह सलाह दी गई है कि वे अपने कर्मचारियों से घर से काम करवाने पर विचार करें। बाढ़ जैसी स्थिति से होने वाले नुकसान का आकलन कई हजार करोड़ रुपये का है और फायदे का कोई आंकड़ा नहीं है। ऐसी कई चीजें हैं, जो अत्यधिक और कभी-कभी अप्रत्याशित बारिश का कारण बन रही हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी की सतह के बढ़ते तापमान का असर भी शामिल है। लेकिन भारी नुकसान के लिए असली दोषी खराब बुनियादी ढांचा और भावी मौसम की स्थितियों, खासकर भारी बारिश को ध्यान में रखते हुए अनियोजित निर्माण है। कृषि योग्य भूमि और झील एवं आर्द्रभूमि जैसे सूख चुके पुराने जल निकायों का उपयोग कंकरीट से बनी संरचनाओं के निर्माण के लिए किया जा रहा है, जो पानी को सोखने के लिए उपयुक्त नहीं है। आम तौर पर, झीलें और तालाब अतिरिक्त सतही पानी को बनाए रखने के काम आते हैं और यह भारी बारिश एवं बाढ़ के दौरान प्राकृतिक नमी का एक प्रमुख घटक है। इसी तरह, पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निर्माण और प्राकृतिक जल निकायों के प्रवाह में जबरन बदलाव से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। वन भूमि मिट्टी को बनाए रखने और भू-जल को रीचार्ज करने में मदद करती है। विकास और सड़कें बनाने के नाम पर वनों की कटाई के कारण नदियों के प्राकृतिक प्रवाह का नुकसान चिंता का विषय है। हर साल कोई न कोई पहाड़ी इलाका बारिश और बाढ़ की मार झेलता रहा है। अक्सर इन इलाकों में गांव डूब जाते हैं और जीवन व आजीविका बुरी तरह प्रभावित होती है। यहां तक कि एक-दो दिन की छोटी-सी अभूतपूर्व बारिश भी शहरों और कस्बों को लंबे समय तक जलमग्न कर देती है। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोएडा एवं गुड़गांव में नव विकसित टाउनशिप को लें, तो सड़कों पर कई घंटों तक नदियों की तरह पानी जमा रहना आम बात है, जिससे यातायात और जीवन रुक जाता है। इन शहरों को बाकायदा योजना बनाकर बसाया गया, फिर भी इन्हें प्रकृति के प्रकोप का सामना करना पड़ता है, क्योंकि योजना में मानसून, पानी के प्रवाह व भूजल रिचार्ज करने पर ध्यान नहीं दिया गया। वास्तव में, इन कस्बों और शहरों के निर्माण में इतना ज्यादा कंकरीट का जंगल बसाया गया है कि पानी सोखने के लिए कोई गुंजाइश ही नहीं बची है। इन शहरों के योजनाकारों ने वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण पर ध्यान ही नहीं दिया, जो बारिश होने पर पानी की बर्बादी के साथ-साथ तबाही का कारण बनता है। इसके लिए पूरी तरह से नगरपालिकाएं और राज्य सरकारें दोषी हैं, जो आकस्मिक स्थितियों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए उचित योजना बनाने और बड़े पैमाने पर शहरीकरण के प्रभाव पर विचार किए बिना निर्माण गतिविधियों में उदारता बरतती हैं।

# भाजपा के खिलाफ मुद्दों को भुनाने में नाकामयाब दिखती कांग्रेस

### अडानी के अलावा महंगाई और बेरोजगारी को भी मुद्दा बना चुकी है कांग्रेस



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

देश में बीते नौ सालों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी इतने ही समय से विपक्षी दल के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करती आ रही है। लेकिन इन नौ सालों के दौरान कांग्रेस की ओर से केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दें के आसरे पुरजोर कोशिश की गई।

लेकिन हर बार भाजपा ने ही बाजी मारी, और कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी के मुददे या तो कमजोर पड़ गए या फिर खुद ही कांग्रेस पार्टी इन मुददों से पीछे हट गई। दरसअल आज हम इस लेख के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के उसी मुददें के आसरे की गई राजनीति की समीक्षा करेंगें, जिसमें वह बीते नौ वर्षो में कमोबेश हर बार नाकाम ही रहीं है।

### अडानी मुद्रदें के आसरे केंद्र सरकार को घेरने में असफल रहीं कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी लगातार विभिन्न मुददों के आसरे केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने की कोशिशों में लगी हुई है।

दरअसल इन्हीं मुददों में से एक मुददा गुजरात के उद्योगपति गौतम अडानी का भी था। जिसमें कांग्रेस ने उनके और भाजपा सरकार के उपर मिलकर घोटाला करने का आरोप लगाया था। गौरतलब है कि अडानी मुददें को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं और सांसदों ने संसद के अंदर से लेकर सड़क तक काफी ज्यादा विरोध प्रदर्शन भी किया था। इतना ही नहीं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा के अंदर भी अडानी मुददें पर केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला था। लेकिन यदि यह सवाल किया जाए कि, क्या अडानी मुददें पर भाजपा और केंद्र सरकार का विरोध करने पर कांग्रेस पार्टी को कोई फायदा हुआ। इसके अलावा एक सवाल यहां यह भी उठता है कि क्या अडानी मुददें पर कांग्रेस पार्टी और विपक्ष की ओर से भारी विरोध किए जाने पर भाजपा को कोई नुकसान हुआ। यदि इन दोनों सवालों का जवाब स्पष्ट शब्दों में दिया जाए तो इसका सीधा सा जबाब होगा कि, अडानी मुददें का कोई भी लाभ कांग्रेस पार्टी को नहीं मिल पाया। दरअसल अडानी मुददें के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गौतम अडानी को क्लीन चिट दे दी थी।

जिसके बाद गौतम अडानी पर कांग्रेस पार्टी की ओर से लगाए गए शेयर घोटाले का आरोप एक झटके में खत्म हो गया। ऐसे में कहीं ना कहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अडानी का मुददा स्वत: ही खत्म हो गया है। नतीजतन कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को भी अडानी मुददें को छोड़कर बैकफुट पर वापस लौटना पड़ा।

### कांग्रेस के महंगाई और बेरोजगारी के मुददें का भी नहीं हुआ कोई असर

कांग्रेस पार्टी बीते नौ वर्षो से केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने के लिए महंगाई और बेरोजगारी का मुददा लगातार उठा रहीं है। कांग्रेस के अलावा देश की समूची विपक्षी पार्टियां मसलन आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, आरजेडी, जेडीयू, बीआरएस और एआईडीएमके सहित तमाम विपक्षी दलों ने भी महंगाई और बेरोजगारी के मुददें पर लगातार केंद्र सरकार का विरोध किया था। लेकिन यदि इतने बड़े मुददें पर विरोध के बावजूद भी केंद्र सरकार का कोई ज्यादा नुकसान नहीं होता हुआ दिख रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में भी कोई खास गिरावट नही आ सकी है। ऐसे में यह कहने में कोई भी अतिश्योक्ति नही होगी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में देश में हो रहें विकास कार्य विपक्ष के मुददें पर भारी पड़ रहें हैं।

### पहलवानों के मुददें पर केंद्र सरकार को घेरने की विपक्षी दलों की नाकाम कोशिश

हाल ही में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहें पहलवान साक्षी मलिक, विनेश फोगाट सहित धरना दे रहें अन्य पहलवानों का समर्थन किया था।

इस दौरान कांग्रेस की नेता व राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी दिल्ली के जंतर मंतर पर पहुंची और वो पहलवानों के धरना प्रदर्शन में शामिल भी हुई थी। इस दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने महिला पहलवानों के शोषण के आरोपी व भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई व गिरफतार किए जाने की मांग भी की थी।

इतना ही कांग्रेस के अन्य कई वरिष्ठ नेता जिसमें हरियाण के पूर्व सीएम भूपिन्दर सिंह हूड्रडा, पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नवजोज सिंह सिद्धू सहित कई नेता भी शामिल हुए थे। लेकिन इस मुददें पर भी कांग्रेस पार्टी के अलावा विपक्षी दल मसलन आम आदमी पार्टी और अन्य राजनीति दलों ने भी इस मुददें पर भाजपा सरकार का विरोध किया था। लेकिन इतने विरोध के बावजूद भी मौजूदा केंद्र की भापजा सरकार का कोई भी नुकसान नहीं हो सका है। ऐसे में कहीं ना कहीं पहलवानों के मुददें के आसरे कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने जो केंद्र सरकार की घेरने की कोशिश की तो वह भी नाकाम रही। क्योंकि पहलवानों का धरना अब समाप्त हो चुका है और पहलवान अपने काम पर लौट चुकें हैं। इसके अलावा पहलवानों की मांग पर केंद्र सरकार सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के साथ उनकी जांच भी शुरू करा दी थी। ऐसे में कहीं ना कहीं केंद्र सरकार ने विपक्ष के हाथ से यह मुददा भी छीन लिया।

### नई संसद भवन के उधघाटन के विरोध का मुददा भी हुआ फेल

बीते दिनों में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नए संसद भवन का उधघाटन बतौर प्रधानमंत्री किया। लेकिन कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री के द्वारा नई संसद भवन का उधघाटन किए जाने पर आपत्ति जताते हुए नई संसद भवन का उधघाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाने की मांग की थी।

ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा नई संसद भवन का उधघाटन किए जाने पर विपक्षी दलों ने काफी विरोध जताया और इस मुददा बनाकर केंद्र सराकर को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन इस मुददें का भी नतीजा कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों को कोई खास फायदा नहीं मिला और विरोध का नतीजा सिफर ही निकला।

### कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के पास बीजेपी को घेरने के लिए कोई बड़ा मुददा नहीं

देश की राजनीति में मौजूदा समय में कांग्रेस पार्टी के अलावा तमाम विपक्षी दलों के पास सत्ताधारी दल बीजेपी को घेरने के लिए कोई ऐसा मुददा नहीं है, जिससे वह बीजेपी के घेर सकें। दरअसल अभी तक कांग्रेस पार्टी सहित तमाम विपक्षी दल जिन मुददों के आसरे बीजेपी पर हमला बोल रहें थें वह मुददें उतने ज्यादा प्रासंगिक नहीं थें। नतीजतन इन सभी मुददों के नहीं चलने की वजह से बीजेपी सरकार का ज्यादा नुकसान नहीं हो पाया है।

ऐसे में कांग्रेस पार्टी और तमाम विपक्षी दल आज भी मुददा विहिन है, और कही ना कहीं उनको बीजेपी सरकार को घेरने के लिए एक बेहतर मुददें की तलाश है, जो जनता के लिए भी प्रासंगिक और जरूरी हो। हालांकि महंगाई और बेरोजगारी का मुददा जरूर ऐसा है जो जनता से जुड़ा है। लेकिन कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने इन दोनों मुददों पर केंद्र सरकार का उतना विरोध नहीं किया जितना की अन्य राजनीतिक मुददों पर किया था।

### केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने विकास कार्यो के बल पर जीता जनता का भरोसा

नरेन्द्र मोदी ने साल 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद देश में जनता की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यो को तेजी से पूरा कराने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते नौ सालों में कई बेहतरीन योजनाएं लागू की हैं मसलन पीएम आवास योजना, बेटी पढ़ाओं, बेटी बढ़ाओं योजना, आयुष्मान योजना, जल जीवन मिशन योजना, मुद्रा योजना सहित तमाम योजनाएं लागू की हैं। दरअसल इन सभी योजनाओं का लाभ देश के करोड़ो परिवारों को मिला है। उदाहरण स्वरूप पीएम आवास योजना के तहत देश में चार करोड़ परिवारों को उनका खुद का घर मिल चुका है। इतना ही नहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहर देश के 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया। इसके अलावा मुद्रा योजना के तहत देश के करोड़ों युवाओं को अपना खुद का व्यापार शुरू करने के लिए उन्हें लोन के तहत 10 लाख रूपए की मदद केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की गई। ऐसे में कहीं ना कहीं केंद्र सरकार की इन्ही लाभकारी और हितकारी योजनाओं के चलते देश की जनता के मन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा सरकार के प्रति एक मजबूत विश्वाश पैदा हुआ है।

नतीजतन शायद इसी वजह से कांग्रेस पार्टी सहित समूचे विपक्षी दलों की हर चाल और मुददा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के आगे बौना साबित हो जा रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 सालों के कार्य की असली परीक्षा साल 2024 के लोकसभा चुनाव में होगी जब कांग्रेस पार्टी सहित समूचा विपक्ष एकजुट होकर उनके खिलाफ चुनाव मैदान में उन्हें शिकश्त देने लिए उतरेगा। ऐसे में यहा सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि क्या 2024 में प्रधानमंत्री विपक्षी दलों की इस चुनौती से निपट पाते हैं। इसे देखने के लिए हमे अभी एक साल का इंतजार तो करना ही पड़ेगा।

# आपदा में भारत को जापान से प्रबंधन की सीख लेने की आवश्यकता

भारत में कई वर्षों बाद भीषण प्राकृतिक वर्षा के फल स्वरुप बाढ़ भूस्खलन और नदियों में उफान आने से उत्तरांचल ,उत्तराखंड, दिल्ली और पंजाब भीषण त्रासदी झेल रहे हैं और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु भी हो गई है।विश्व में कई देशों में अतिवृष्टि से बाढ़ का प्रकोप होता है लैंडस्लाइडिंग भी होती है पर सर्वाधिक मृत्यु भारत में ही होती है। भारत में भूकंप के झटके भी लगते हैं कई बार भूकंप भी आता है और जान माल की हानि होती है।

यह ऐसा तो है नहीं कि अति वर्षा कई सालों में एक बार होती हो, वर्षा, बाढ़ तथा लैंडस्लाइडिंग का प्रकोप हर वर्ष अखबारों में हम पढ़ते हैं और लोगों की मृत्यु होती है तो ऐसे में केंद्र तथा राज्य सरकारों को आपस मैं सामंजस्य कर इस त्रासदी तथा विपदा का पहले से प्रबंध करने की आवश्यकता होनी चाहिए जिससे आमजन को जान माल का कम से कम नुकसान हो सके ।आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से बाहर तथा प्राकृतिक व मानवीय कारकों द्वारा मूर्त रूप दी जाती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है ।आपदा की गहनता, विशालता एवं निरंतरता मानव जीवन तथा समाज, देश को बड़ी हानि पहुंचाते हैं, एवं उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से देश की प्रगति पर चोट पहुंचती है। तथा राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जाती है।

आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर हमें बाढ़, अतिवृष्टि, लैंडस्लाइडिंग तथा भूकंप से पूरी क्षमता कथा विशेषताओं के साथ सामना करना चाहिए।

आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है। एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है।

आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति तथा मजदूर तबके का व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभावित होकर उसकी दिनचर्या समूह रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है, एवं आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका का एक बड़ा भय सताने लगता है।




# गरीबी उन्मूलन एवं आर्थिक उन्नति के सुखद संकेत



- ललित गर्ग-

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देने के शुभ संकेत मिलने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। इससे पूर्व मं बनायी मोदी सरकार की योजनाओं के गरीबी उन्मूलन के चमत्कारी परिणाम आये हैं। हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम व ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बताया गया कि पिछले पंद्रह वर्षों में भारत 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने में कामयाब हुआ है। निस्संदेह, यह खबर भारतीय अर्थव्यवस्था की सुखद तस्वीर पेश करती है। एक और दूसरी सुखद आर्थिक संकेत देने वाली खबर यह आयी है कि मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमेन सैक्स के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगी।

विगत नौ वर्ष में मोदी सरकार विकास एवं सशक्तीकरण के अनेक आयाम स्थापित किये हैं, सरकार ने ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। भारत और इसकी अर्थव्यवस्था की सफलताओं व संभावनाओं की बुनियाद में राजनीतिक स्थिरता, मोदी सरकार की दूरगामी एवं गरीबी उन्मूलन की योजनाओं की बड़ी भूमिका है। यूएनडीपी की वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के आंकडे भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हैं। साल 2005-06 में देश में करीब 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी-रेखा के नीचे जी रहे थे। वर्तमान में अब यह संख्या काफी कम होकर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं।

बावजूद इसके यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। मोदी सरकार राजनीतिक रूप से स्थिर रही हैं और इनकी प्राथमिकताओं में गरीबी उन्मूलन प्रमुखता से शामिल रहा है। महान् अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह की सरकार भी स्थिर थी और उन्होंने भी गरीबी उन्मूलन के ठोस उपक्रम किये। उनकी सरकार के समय से ही यह प्रयास निरन्तर जारी है। अनूठी बात यह है कि ये दोनों सरकारें दो विपरीत राजनीतिक ध्रुवों पर खड़ी रही हैं, पर इनका आर्थिक दर्शन एक रहा है। मगर भारतीय अर्थव्यवस्था के नीति-नियंताओं को इसकी कुछ विसंगतियों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। देश में गरीबी का अंत जितना जरूरी है, आर्थिक विषमताओं से निपटना उससे कम अहम नहीं है। ऑक्सफेम की हालिया रिपोर्ट ने खुलासा किया था कि देश की 60 फीसदी संपत्ति सिर्फ पांच प्रतिशत भारतीयों के पास है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा है। हमें इस बात की खुशी है और होनी चाहिए कि हमने डेढ़ दशकों में इतने करोड़ों लोगों को गरीबी-रेखा से ऊपर उठाया, मगर हम इस तथ्य की भी अनदेगी नहीं कर सकते कि 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। एक अच्छी-खासी तादाद में हमारे करोड़पति-अरबपति दूसरे देश जाकर बस भी रहे हैं। क्या भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले अरबपतियों पर कोई प्रभावी दण्ड व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए? भारतीय सत्ता प्रतिष्ठानों को इन विसंगतियों पर नियंत्रण पाने के तार्किक रास्ते तलाशने होंगे। हम नहीं भूल सकते कि हमारी गरीबी की रेखा जिस स्तर पर तय होती है, उसके ऊपर भी जीवन काफी कठिन है। इसलिए इन खुशनुमा आर्थिक तस्वीरों को हाशिये के करोड़ों भारतीयों के लिए सुखद बनाने की कवायद की जाए।

जिन दो एजेंसियों ने भारत की सुखद एवं खुशहाल आर्थिक तस्वीर प्रस्तुत की है, उस तस्वीर में एक वर्तमान भारत से संबंधित है, दूसरी भविष्य के भारत के संबंध में। दोनों ही तस्वीर नये भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत एवं दूसरी की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की बात को उजागर कर रही है। इन सुखद क्षणों में अधिक सावधानी एवं सर्तकता अपेक्षित है।

यह अधिक चुनौतीपूर्ण दौर है, क्योंकि भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण है, जिस बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है?

गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय।

नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं।

महंगाई इनदिनों तेजी से बढ़ रही है। टमाटर लाल हो गये हैं, कभी प्याज की तरह यह भी बड़ा राजनीतिक हथियार न बन जाये? निश्चित ही महंगाई का समाधान एक ज्वलंत मुद्दा है, मौद्रिक मोर्चे पर केंद्रीय रिजर्व बैंक के प्रयासों के अतिरिक्त केंद्र व राज्य सरकारों से और अधिक प्रयास अपेक्षित हैं जैसे उत्पादन शुल्क, वैट आदि करों में कटौती, आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर रोक, आयात में सीमा शुल्क कटौती द्वारा सरलीकरण, बड़े औद्योगिक एवं व्यापारिक घराने की बजाय निचले स्तर पर व्यापार एवं उद्यम को प्रोत्साहन इत्यादि। इससे गरीब की जमा-पूंजी व आय सुरक्षित होगी और उसके गरीबी रेखा से बाहर आने का रास्ता तैयार होगा।

# शार्ट न्यूज

## यमुना का जलस्तर बढ़ने से आबादी में घुसा पानी

**बागपत।** हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद यमुना उफान पर है। 1.6 मीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं किसानों की हजारों बीघा फसल जलमग्न है और खराब होने की कगार पर है। वहीं अब यमुना का पानी आबादी क्षेत्र में घुस गया, जिसमें करीब 20 मकानों में 5 से 6 फीट पानी भर गया है। मकान में रहने वाले लोगों को मकान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं आसपास में बने 6 मकानों में भी दरारें आ गई हैं। पीड़ित परिवारों ने अधिकारियों से सहायता की मांग की है। पूरा मामला बागपत की माता कॉलोनी का है, जहां यमुना किनारे बने मकानों में पानी घुस गया है। अधिक जलस्तर होने के चलते करीब 20 से अधिक मकानों में पांच से छह फीट पानी भरा है। मकान में रहने वाले लोग अन्य जगह किराए पर मकान लेकर व अपने मकानों को छोड़कर चले गए हैं। वहीं आसपास बने 6 मकानों में भी दरारें आई हुई हैं। मकान कभी भी गिर सकते हैं। स्थानीय लोग काफी परेशान हैं और अधिकारियों से मदद की मांग कर रहे हैं।

## महिला से बरामद की 82 बोतल शराब

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच के रुपईडीहा स्थित भारत-नेपाल सीमा के चौकी निबिया के पास गश्त के दौरान एसएसबी व पुलिस जवानों ने गुरुवार को एक महिला से 82 बोतल शराब बरामद की । बरामद सामान नेपाल में बना हुआ है से सीज कर महिला को जेल भेज दिया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देश पर एसएसबी और पुलिस की टीम आने जाने वालों की जांच कर रही थी। संयुक्त गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 651/02 के निकट 100 मीटर भारत की ओर एक महिला को नेपाल से आते देखा गया, महिला बोरी लिए हुए थी। गश्ती दल को शक होने पर युवती को रोका तो वह भागने लगी। उसे पकड़ कर भागने का कारण और नाम पता पूछा गया। तो उड़की पहचान खुशबू पुत्री सुरेश निवासी रूपईडीहा पुरानी बाज़ार के रूप में हुई है। महिला ने बताया कि बोरी में 82 बोतल नेपाली करनाली शराब है। वह नेपाल से भारत अपने स्थानीय गांवो में कुछ रूपये कमाने के लालच में बेचने जा रही थी। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद शराब को सीज कर दिया गया है।

## कानपुर में दंपति को चाकू से गोदा

**कानपुर।** कानपुर के गांधीग्राम में एक युवक ने घर में घुसकर दंपति पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू से इतना वार किया किया दोनों मरणासन्न हालत में हो गए। चीख-पुकार सुन मोहल्ले के लोग दौड़े। आरोपी को दबोच लिया। पिटाई करने के बाद चकेरी पुलिस के हवाले कर दिया। दंपति की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि गांधीग्राम में लक्ष्मीनारायण गुप्ता अपने परिवार के साथ रहते हैं। गुरुवार दोपहर को इलाके में रहने वाला युवक हेमंत गौतम ने दरवाजा खटखटाया। लक्ष्मीनारायण के दरवाजा खोलते ही हेमंत ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पत्नी मंजू गुप्ता बचाने दौड़ी तो उसके सिर और शरीर पर इतने चाकू मारा कि अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ी। मकान मालिक जितेंद्र दीक्षित और दूसरा किराएदार रामू बचाने दौड़ा तो आरोपी उस पर भी चाकू लेकर दौड़ पड़ा। चाकू लगने से रामू भी घायल हो गया। मोहल्ले के लोगों ने आरोपी हेमंत गौतम को दौड़ाकर दबोच लिया। पिटाई करने के बाद उसे चकेरी थाने की पुलिस के हवाले कर दिया।

## 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली के सलोन इलाके में गैंगेस्टर में वांछित 25 हज़ार रुपए के इनामी बदमाश को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सलोन इलाके के गणेशगंज तिराहे से गैंगेस्टर में वांछित 25 हज़ार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले वांछित आरोपी रामसिंह के विरुद्ध चोरी व हत्या के प्रयास आदि से सम्बंधित आधा दर्जन से अधिक मामले अलग अलग अदालतों में चल रहे हैं। पुलिस के अनुसार इन लोगो का एक सक्रिय गैंग था ,जिसमे शामिल हो कर यह लोग चोरी टप्पेबाजी और अन्य तरह के आपराधिक कार्यो को अंजाम देते थे। इस गिरोह के तीन सदस्य जेल में है। यह इनामिया हिस्ट्रीशीटर अभी तक पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों का योगी करेंगे हवाई सर्वेक्षण

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिला प्रशासन ने आज बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों के हालात का जायजा लेने आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हवाई सर्वेक्षण करेंगे और बाढ़ पीड़ितों से राहत शिविर में मुलाकात करेंगे। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री शुक्रवार दोपहर एक बजे सहारनपुर आ रहे है। मुख्यमंत्री सहारनपुर में बाढ प्रभावित और जल भराव की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण करने के साथ-साथ राहत शिविर का निरीक्षण करेंगे। वह करीब दो घंटे नगर में रूकेंगे। जिलाधिकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री हवाई जहाज से एक बजकर 20 मिनट पर सरसावा हवाई अड्डे पर उतरेंगे, जहां से हैलीकाप्टर से वह पुलिस लाइन पहुंचेगे। मुख्यमंत्री सरसावा से सहारनपुर आने-जाने के दौरान जल भराव और बाढ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण करेंगे। पुलिस लाइन से वह जैन कालेज में बने बाढ प्रभावितों के लिए बनाए गए शिविर में जाएंगे। जहां वह शिविरार्थियों से बातचीत कर नुकसान का जायजा लेंगे और वहां की व्यवस्था देखेंगे।

## पोक्सो के दोषी को 12 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पोक्सो न्यायालय ने गुरुवार को पोक्सो के दोषी को 12 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने उस पर अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना लाइनपार क्षेत्र में 09 अप्रैल 2016 को एक 15 वर्षीय किशोरी बाजार सौदा लेने गई थी। रास्ते से ही उसे युवक अपने साथियों के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने दीपू उर्फ जान पुत्र रामप्रकाश शंकर निवासी आजाद नगर सहित 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना कर दीपू के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो कक्ष संख्या 01 अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे हैं विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया कि मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी, कई साक्ष्य न्यायालय के सामने पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दीपू को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 12 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उस पर 18000 रूपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर उसे 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## पॉक्सो कोर्ट ने दोषी को 10 साल की सजा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने गुरुवार को दुष्कर्म और अपहरण के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को 10 वर्ष की कठोर सजा सुनायी। दोषी करार दिये गए आरोपी को 75 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया । विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो कोर्ट संत प्रताप सिंह और विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो कोर्ट संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुडवा तमोलिनपुरवा गांव निवासी सूरज कुमार चौरसिया पुत्र राजेश कुमार ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। मोतीपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था साथ ही उसके विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि गुरुवार को मामले की सुनवाई न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट पर न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने सुनवाई की। सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को 10 वर्ष की सजा सुनाई है साथ ही 75 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर आरोपी को एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# अपने नागरिकों के साथ नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप

### आज उत्तर प्रदेश की नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई उंगली नहीं उठा सकता : योगी

13 जुलाई, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने नागरिकों के साथ शासन की योजनाओं को नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप है, जो सरकारें प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से रोकतीं थी जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया है। हमारी सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है कि चयन की प्रक्रिया से लेकर नियुक्ति प्रक्रिया तक किसी भी अभ्यर्थी के साथ भेदभाव न होने पाए। विगत छह वर्ष में छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने में हम सफल रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश की नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई उंगली नहीं उठा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनौती से जो घबरा जाता है वह कुछ नहीं प्राप्त कर पाता। अगर चुनौती आपके सामने है तो इसका मतलब है



कि आपके लिए कुछ नए अवसर आने वाले हैं।

#### एक फाइल एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे

सीएम योगी ने गुरुवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित नव नियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि 2021 से 2023 के बीच में डेढ़ वर्ष के अंदर हमारी सरकार 21 नियुक्ति पत्र कार्यक्रम संपन्न करा चुकी है। इसके तहत लगभग 55,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। सीएम योगी ने नव नियुक्त अधिकारियों को वर्तमान सरकार की कार्यशैली के बारे में बताते हुए कहा कि प्रदेश भर से जुड़ी हुई समस्याएं किसी ना किसी रूप में आपके पास आएंगी। हमारा प्रयास होना चाहिए एक फाइल एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे।

#### सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से ज्यादा थी। विगत छह वर्ष में हमारी सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही है।

## योगी सरकार की निष्पक्षता व पारदर्शिता ने बचा ली सपनों की 'उजड़ती हुई बस्ती

**लखनऊ।** सीएम योगी के प्रति यह विश्वास है बस्ती के हनुमंत प्रसाद सिंह का, जिनके उजड़े सपनों को एक बार फिर आकाश दिया योगी सरकार की पारदर्शी व निष्पक्ष भर्तियों ने। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन विभाग पद पर नियुक्ति पत्र पाने वाले हनुमंत ने पहले अपने सपनों की उजड़ चुकी कहानी सुनाई, फिर सीएम योगी के छह वर्ष में शुचिता की बदौलत चार परीक्षाओं में मिली सफलता की। हनुमंत ने बताया कि दो विषयों में एमए किया। बीएड, एलएलबी किया। इसे देखते हुए पिता जी ने सिविल सेवा में तैयारी कराने का निर्णय लिया। एकेडमिक में अच्छा होने के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर कई बार साक्षात्कार तक पहुंचा। अंततः सफल न हो सका। मेरी सफलता की कामना व सपना लिए मेरे पिता जी दुनिया छोड़कर चले गए। मैं कृषि कार्य करने लगा। उत्तर प्रदेश में व्यवस्था बदली तो हमारे चाचा जी ने ढांढस बंधाया। जिस पर मैंने पुनः तैयारी करना शुरू किया। सीएम की निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की बदौलत मुझे लगातार चार परीक्षाओं में सफलता मिली। पूरे यूपी को अभिभावक के समान यशस्वी मुख्यमंत्री जी प्राप्त हुए। एक महीने में 11 हजार सरकारी नौकरी यानी युवाओं के सपनों को साकार करने वाली योगी सरकार। युवाओं का यह विश्वास है कि योगी सरकार है तो नियुक्ति में किसी भी तरह की धांधली नहीं होगी। यही नहीं, सचिवालय प्रशासन विभाग, परिवहन निगम, निर्वाचन विभाग, खेल, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी विभागों में नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। निष्पक्षता का आलम यह है कि आजमगढ़ के विजय कुमार तिवारी ने बताया कि तीन वर्ष में उन्हें पांच नौकरी मिली। गोंडा के अमित कुमार तिवारी, हापुड़ के स्वराज यादव, अंबेडकर नगर की दिव्या अग्रहरि, आगरा के पंकज मिश्र भी साफगोई से इस बात को मानते हैं कि इस सरकार में क्षेत्र, जाति से ऊपर उठकर सिर्फ पात्रता के आधार पर ही चयन किया गया। योगी सरकार की तरफ से नियुक्ति पत्र वितरण का सिलसिला लगातार जारी है। वर्ष 2022 से चल रहे नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के तहत आठ महीने में यह 10वां नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। अब तक सरकार द्वारा 21,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा चुका है।

## इटावा लायन सफारी में चौथे शावक की भी मौत

इटावा। इटावा लायन सफारी में सोना नाम की शेरनी के चौथे शावक की भी मौत हो गई है। 5 दिनों के भीतर शावकों की मौत के बाद सफारी प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं एक अन्य शावक की स्थिति भी नाजुक बताई जा रही है। सफारी के उप निदेशक जय प्रकाश सिंह ने की मौत की पुष्टि की है। शावक का शव पोस्टमार्टम के लिए ढ्ढ्ङ्कञ्जद्ध बरेली भेजा जा रहा है।

सफारी उप निदेशक ने बताया कि 9 जुलाई को पैदा हुए चौथे शावक की मौत गुरुवार की सुबह 8.30 बजे हुई है। सोना नामक शेरनी ने 5 शावक जन्मे थे। तीन शावको की मौत 9 और 10 जुलाई हो चुकी थी।

उपनिदेशक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि बब्बर शेरनी सोना ने 9 जुलाई 2023 को जन्म दिये गए शावक की तबियत बिगड़ गयी। पार्क के पशु चिकित्सकों की टीम ने परीक्षण करने पर पाया कि उसके पेट फूलने एवं सांस लेने में समस्या आ रही थी। इलाज के दौरान ही अचानक करीब 12 बजे शावक का शरीर निष्क्रिय हो गया।

# 5 गज जगह के लिए महिला की हत्या

### छत के रास्ते घर में घुसे आरोपी, सिर को नल के हत्थे से कुंचा

**पीलीभीत।** पीलीभीत में 5 गज जगह को लेकर एक महिला की घर में घुसकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। परिवार के लोगों ने घर के सामने रहने वाले कुछ युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद गुस्साए महिला के परिजनों ने आरोपियों के घर पर पत्थर से हमला बोल दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बमुश्किल परिजनों को समझा-बुझाकर शांत




कराया। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देश नगर मोहल्ले की रहने वाली जमुना देवी (45) अपने पति से अलग होने के बाद पिता प्रेमराज के घर में पिता के साथ रहती थी। आरोप है कि घर के सामने रहने वाले अजय व सुनील पक्ष के लोगों से 5 गज जगह को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर अक्सर झगड़ा होता रहता था। बीती रात भी सुनील और अजय के साथ महिला का झगड़ा हुआ था।

#### खून से लथपथ पड़ी थी महिला

मृतिका के पिता प्रेम राज ने बताया, सुबह करीब 5: 00 बजे सो कर उठे तो जमुना देवी उनके पास मौजूद नहीं थी, जिसके बाद घर के गेट को देखा तो ताला पड़ा था। जब चाबी लेकर ताला खोलने के लिए आगे बढ़ा तो बेटी का खून से लथपथ शव गेट के पास ही पड़ा था। नल का हत्था गायब था। पास में दो चाकू भी मिले हैं। इसी से हत्या की गई है।

पिता प्रेम राज का दावा है कि घटनास्थल से दो युवकों को उन्होंने भागते हुए देखा। दोनों युवक उनके पड़ोसी है। इसके बाद पिता ने आस-पड़ोस के लोगों को पूरे मामले की सूचना दी।

## बाप से रंजिश में 7 साल के मासूम की हत्या

### नींद से जगाकर सीने पर तमंचा सटाकर मारी गोली

**एटा।** एटा में बुधवार देर रात दबंगों ने 7 साल के बच्चे की हत्या कर दी। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चा अपनी दादी के साथ सो रहा था। रात 2 बजे उसे नींद से जगाया। फिर सीने पर तमंचा सटाकर गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना जैथरा थाना क्षेत्र पिपहरा गांव की है।

गोली की आवाज सुनकर बच्ची की दादी जग गईं। बच्चे को खून से लथपथ देखकर वह घबराकर चिल्लाने लगीं। वहीं, आवाज सुनकर घर के अन्य लोग भी भागकर आए। बच्चे को देखकर घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों का बच्चे के पिता से रंजिश चल रही थी। परिजनों ने गांव के ही 5 लोगों के खिलाफ शिकायत दी है।

#### दादी के साथ बरामदे में सो रहा था बच्चा

परिजनों का कहना है कि रात करीब 2 बजे गांव के ही 5 लोग घर में घुसे। बच्चा अपनी दादी के साथ घर के बरामदे में सो रहा था। इस बीच दबंगों ने बच्चे को चारपाई से जमीन पर खड़ा किया। उसके सीने पर तमंचा सटाकर गोली मार दी। गोली लगते ही बच्चा चारपाई पर गिर पड़ा। गोली की आवाज और बच्चे के गिरते ही दादी घबराकर उठ गईं। उन्होंने गांव के ही 5 लोगों को वारदात को अंजाम देकर भागते हुए देखा। बच्चे के पिता रिंकू ने रामवृछ, बबलू, विमलेश, विवेक और अतर सिंह पर गोली मारकर हत्या का आरोप लगाया है। इन लोगों के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर दी है।

## आगरा में यमुना में बाढ़ को लेकर अलर्ट

आगरा। यमुना में बाढ़ की संभावना को लेकर आज डीएम नवनीत सिंह चहल ने डूब क्षेत्र के गांव का दौरा किया। उन्होंने तहसील सदर के गांव तनौरा, नूरपुर आदि गांव के लोगों को अलर्ट किया। पिनाहट क्षेत्र में चंबल में जल स्तर बढ़ने को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। आगरा सीमा क्षेत्र में 80 से अधिक गांवों ऐसे हैं जिनमें यमुना और चंबल में खतरे के निशान के ऊपर जाते ही बाढ़ आ जाती है। अकेले यमुना डूब क्षेत्र में ही ऐसे 45 से अधिक गांव हैं। प्रशासन स्तर से इन गांवों में मुनादी कराई जा रही है।

## युवक का शव बरामद, गला रेतकर हत्या

एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के महुआडीह क्षेत्र में गुरूवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी।

युवक का गला रेतकर हत्या कर दी गयी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने यहां बताया कि सुबह क्षेत्र के बलटिकरा गांव के मृत्युंजय चौहान(25) का गांव के पास बगीचे में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। युवक के गले पर चाकू मारे जाने के निशान है। बताया जाता है कि मृतक युवक बुधवार की रात भोजन कर घर से बाहर निकला था और उसका शव आज सुबह गांव के पास मिला है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी रंजिश में हत्या का प्रतीत हो रहा है।

पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 2-महिलाओं की मौत

श्रावस्ती। श्रावस्ती में लगातार कई दिनों से मौसम बीच-बीच में अपना मिजाज बदल रहा है। जिसके साथ ही रुक-रुक कर हल्की बारिश भी हो रही है। लेकिन किसानों को हल्की बारिश से कोई भी फायदा नहीं हो पाया। वहीं सुबह से जिले में तेज बरसात हो रही है। जिसके चलते किसानों को काफी राहत भी मिली है। उनकी धान की रोपाई में भी पानी काफी फायदा पहुंचाएगा।

वहीं सिरसिया थाना क्षेत्र में बारिश और गरज चमक के बीच दर्दनाक हादसा हो गया। मदार गढ़ गांव के बाहर अचानक शुरू हुई तेज बारिश के साथ बिजली गिरने से खेतों में धान की रोपाई करके लौट रही दो महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गई। वहीं मौके पर ही दोनों महिलाओं की मौत हो गई। श्रावस्ती के सिरसिया थाना क्षेत्र में सिरसिया और नेपाल बॉर्डर पर गांव मदारगढ़ में इन दिनों धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। वहीं मदार गढ़ गांव की महिला माकूला और सैदुना खेतों पर धान की रोपाई कर रही थी। तभी अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। वहीं बारिश के साथ बादल गरजने लगा।

# दो भाइयों पर हमले के सात आरोपियों को उम्रकैद

### कोर्ट ने 70 हजार रुपये जुर्माना लगाया; हमले में एक भाई की हो चुकी है मौत

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में दो भाइयों पर जानलेवा हमला करने के 7 दोषियों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सातों पर अर्थदंड भी लगाया गया है। वारदात देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव जुलेपुरा में जुलाई 2014 को हुई थी। दोनों भाई जुमे की नमाज अदा कर अपनी दुकान के बाहर खड़े थे। हमले में छोटे भाई मोहम्मद याकूब की मौत हो गई थी, जबकि बड़ा भाई नूर मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गया था।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी



सुरेंद्र पाल सिंह चौहान, एडीजीसी फौजदारी मनुराज बहादुर सिंह व अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गांव पौंडरी थाना कोतवाली देहात निवासी फिरोज ने 25 जुलाई 2014 को कोतवाली देहात में तहरीर देकर बताया था कि रमजान माह के चलते वह अपने पिता नूर मोहम्मद व चाचा मोहम्मद याकूब के साथ जुमे की नमाज अदा करने गया था।

वहां से लौटकर वह जुलेपुरा गांव स्थित अपनी बिल्डिंग मैटिरियल की दुकान के बाहर खड़े होकर बात कर रहा था।

#### हमले में एक भाई की मौत, दूसरा घायल था

उसी दौरान देहात कोतवाली के गांव जुलेपुरा निवासी बाबू, यासीन, इरफान, शान, शकील, जफरुद्दीन और रिजवान ने लाइसेंसी हथियार व अवैध असलहे लेकर वहां पहुंचे और घेर लिया। इसके बाद उसके पिता नूर मोहम्मद व चाचा मोहम्मद याकूब पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर वहां से भाग निकले।

वह तुरंत पिता व चाचा को लेकर अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने चाचा मोहम्मद याकूब को मृत घोषित कर दिया। पिता नूर मोहम्मद को प्राथमिक उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया था।

## भदोही : ऑनलाइन ट्रेनिंग के खिलाफ व्यापारी करेंगे प्रदर्शन

भदोही। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने आज यहां कहा कि आन लाइन ट्रेडिंग के खिलाफ पूरे देश में कड़ा विरोध किया जाएगा।

गुरुवार को गोपीगंज के गिराई स्थित पेट्रोल पंप पर व्यापारियों के साथ बैठक में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि गत 27 जून को आनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि आनलाइन ट्रेंडिग को संरक्षण देकर भारत सरकार 07 करोड़ खुदरा व्यापारियों, उनके 07 करोड़ कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों को मिलाकर 70 करोड़ लोगों को बेरोजगारी व बदहाली की ओर ढ़केल रही हैं।

उन्होंने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से आनलाइन ट्रेडिंग पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आगामी 23 जुलाई को हाथरस में आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में आनलाइन ट्रेडिंग के खिलाफ कोई बड़ा निर्णय लिया जा सकता है।

व्यापारियों के साथ बैठक मे प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि आयकर छूट 03 लाख से बढ़ाकर 04 लाख करने,आयकर में 80सी मे छूट डेढ़ लाख से बढ़ाकर दो लाख एवं आयकरदाता व्यापारियों को विदेशों की तर्ज पर शिक्षा और स्वास्थ की व्यवस्था निःशुल्क जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में व्यापारियों पर दर्ज किये गए मुकदमों की वापसी, लेट रिटर्न जमा होने पर 100 रूपया प्रतिदिन का जुर्माना व 18 प्रतिशत ब्याज कानून को तत्काल खत्म किया जाए।

यदि ब्याज लेना बहुत आवश्यक हो तो केवल 6 प्रतिशत ब्याज हो वसूल किया जाए।

## सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत 11 घायल

**फर्रुखाबाद ।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में आज तेज रफ्तार वाली एक पिकअप और टैंम्पो के बीच हुई जोरदार टक्कर में टैंपो सवार एक महिला की मौत हो गई तथा 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कंपिल थाना क्षेत्र गांव शाहपुर की निवासी रामदेवी(45)की इस दुर्घटना में मौत हो गयी। महिला टैंपो में सवार थी । टैंपो कायमगंज- कंपिल मार्ग पर ग्राम रायपुर के पास जब पहुंचा तभी तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप ने टैंपों में जोरदार टक्कर मार दी और टैंपो पलट गया। पुलिस ने बताया कि इस सड़क दुर्घटना में 11 लोग घायल हो गए । पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

## कन्नौज में नेशनल हाईवे पर भरा पानी

कन्नौज। कन्नौज में नेशनल हाईवे पर जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण पानी भर गया। 3 से 4 फीट तक पानी भरा होने के कारण बच्चों और युवकों ने स्विमिंग पूल की तरह नहाना शुरू कर दिया। पानी भरा होने के कारण वाहन सर्विस लेन से निकालने पड़े।

यह नजारा कन्नौज के गुरसहायगंज के करीब का है। इसी साल शुरू हुए अलीगढ़-कानपुर नेशनल हाईवे पर गुरसहायगंज के डुंडवा-बुजुर्ग गांव के पास हाइवे पर पानी भर गया। दरअसल, मंगलवार को हुई जोरदार बारिश के बीच हाईवे के एक पुल पर काफी पानी जमा हो गया। उसमें आसपास के लोगों ने देर तक स्विमिंग पूल की तरह लुत्फ उठाया। इस बीच किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। जल निकासी के प्रबंध न होने और भारी बारिश के कारण यहां करीब 3 से 4 फीट तक पानी भर गया।

इस कारण भारी वाहन जहां के तहां खड़े हो गए। अधिकतर वाहन सर्विस लेन से निकाले गए।

बारिश थमते ही हाईवे का नजारा देखने के लिए वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। देखते ही देखते बच्चों और युवाओं ने पानी में नहाना शुरू कर दिया।

# शार्ट न्यूज

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर ने लॉन्च किया स्पोर्टी डियो 125 स्कूटर

नयी दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज भारत में नए स्पोर्टी, आधुनिक एवं सुविधाजनक डियो 125 स्कूटर लॉंच करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 83400 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि 2002 में होंडा डियो के लॉन्च के साथ एचएमएसआई भारत में मोटो-स्कूटर की अवधारणा लेकर आई। मोटरसाइकिल से प्रेरित डायनामिक एवं एग्रेसिव लुक और स्कूटर की सुविधा के चलते यह जल्द ही देश के सबसे पसंदीदा स्कूटरों में शामिल हो गया। अब अपने नए 125 सीसी अवतार में उपलब्ध डियो 125 खासतौर पर युवा भारतीय उपभोक्ताओं की महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। अपने पावरफुल इंजन के साथ-साथ डियो 125 स्पोर्टी डिज़ाइन एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ आता है जिसमें विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त होंडा स्मार्ट की' भी शामिल है। उसने कहा कि नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए तैयार डियो 125 स्पोर्टी डिज़ाइन, अडवान्स्ड टेक्नोलॉजी एवं बेजोड़ सुविधा का शानदार संयोजन है। इसके दो मॉडल उतारे गये हैं जिसमें स्टैण्डर्ड और स्मार्ट शामिल है। दिल्ली में स्टैंर्डड मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 83,400 रुपये और स्मार्ट मॉडल की कीमत 91,300 रुपये है।



## नई सेल्टोस की प्री बुकिंग आज से

नयी दिल्ली। प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किआ ने अपनी नई सेल्टोस एसयूवी के लिए कल से प्री बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि नई सेल्टोस भारत में सबसे बहुप्रतीक्षित एसयूवी है, जिसका गत 4 जुलाई को अनावरण किया गया था। किआ ने के-कोड कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिकता वाली बुकिंग की भी घोषणा की है, जो के-कोड के साथ की गई सभी बुकिंग के लिए कम डिलीवरी समय सुनिश्चित करता है। के-कोड को मौजूदा सेल्टोस मालिकों द्वारा किआ इंडिया वेबसाइट और माइकिया ऐप से जेनरेट किया जा सकता है, ताकि वे अपने सेल्टोस को अपग्रेड कर सकें या अन्य संभावित ग्राहकों को अपना के-कोड उपहार में दे सकें। विशेष रूप से विशेष के-कोड केवल किआ इंडिया की वेबसाइट के माध्यम से की गई बुकिंग पर ही लागू होगा, और यह केवल 14 जुलाई को की जाने वाली बुकिंग पर ही लागू होगा। नई सेल्टोस की बुकिंग 14 जुलाई 2023 को दोपहर 12 बजे से देश के किसी भी अधिकृत किआ डीलरशिप पर भी की जा सकती है।

## सुनील शेट्टी ने द बायोहैकर में किया निवेश

मुंबई। स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने और भविष्य को फिर से परिभाषित करने के उद्देश्य से कई उद्योगों में निवेश करने वाले उद्यमी और अभिनेता सुनील शेट्टी ने ललित धर्मानी द्वारा स्थापित डीआईवाई हेल्थकेयर उद्यम 'द बायोहैकर' में निवेश किया है। मानव सुधार अथवा मानव स्वास्थ्य अनुकूलन के लिए माना जानेवाला बायोहैकिंग नए युग का डुइटयुअरसेल्फ जीव विज्ञान है। इस में अपना स्वास्थ्य, प्रदर्शन और खुशहाली को बेहतर बनाने के लिए लोग अपनें शरीर, आहार और जीवनशैली में धीरेधीरे बदलाव करते हैं। फिटनेस उत्साही धर्मानी द्वारा स्थापित, द बायोहैकर एक पूर्ण-सेवा एकीकृत स्वास्थ्य और कल्याण क्लिनिक है, जो सेलुलर स्तर पर विकास पर ध्यान केंद्रित करके स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। द बायोहैकर लोगों को सर्वोत्तम बनाने के लिए विशेष तकनीकी प्रगति के माध्यम से उनके शरीर और दिमाग को हैक करने पर ध्यान देनेवाली सेवाएं प्रदान करता है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी , टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर आज जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.40 प्रतिशत की तेजी लेकर 76.05 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत उबलकर 80.55 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में एक बार और बढ़ोतरी करने की संभावना से वैश्विक बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि और तिमाही परिणाम मजबूत रहने से टीसीएस समेत तेरह कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में उछाल रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 164.99 अंक की तेजी लेकर 65,558.89 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 29.45 अंक चढ़कर 19,413.75 अंक पर पहुंच गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.64 प्रतिशत की गिरावट लेकर 29,100.88 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत लुढ़ककर 33,322.13 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3589 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1328 में लिवाली जबकि 2120 में बिकवाली हुई वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की कंपनियां हरे जबकि शेष 25 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

## अकासा एयर की पूंजीगत स्थिति मजबूत

**नई दिल्ली।** अकासा एयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे एयरलाइन के भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा है कि एयरलाइन 'अच्छी तरह पूंजीकृत' है और उनके पास इस साल के अंत तक तीन अंक में (कम से कम 100) विमानों का ऑर्डर देने के लिए पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है। विनय दुबे ने कहा कि एयरलाइन में अधिक तेजी से बढ़ने की क्षमता है। अकासा एयर अगले महीने अपने परिचालन का एक साल पूरा करने जा रही है। इस बारे में दुबे ने कहा, ''हमने अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप उपलब्धियां हासिल की हैं।'' इस समय विमानन कंपनी के पास 19 विमान हैं और 20वां विमान उसके बेड़े में इस महीने शामिल हो सकता है। कंपनी जल्द ही अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने के लिए तैयार है। दुबे ने समाचार एजेंसी के साथ साक्षात्कार में कहा कि एयरलाइन ''अच्छी तरह से पूंजीकृत''है। अकासा एयर के संस्थापक और सीईओ ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारे पास पर्याप्त वित्तपोषण है।

## वेदांता इस साल के अंत तक शुरू करेगी सेमीकंडक्टर का विनिर्माण

नई दिल्ली। भारत की बहुराष्ट्रीय खनन कंपनी वेदांता ने कहा कि उसने सेमीकंडक्टर बनाने के लिए साझेदार तैयार कर लिए हैं। इस साल अंत तक चिप का निर्माण शुरू हो जाएगा। कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने शेयरधारकों की बैठक में बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। दरअसल, इसी हफ्ते फॉक्सकॉन के साथ गुजरात में चिप विनिर्माण प्लांट लगाने का वेदांता का 19.5 अरब डॉलर का सौदा टूट गया। उन्होंने कहा, भारत हर साल 100 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक सामान आयात करता है। इसमें 30 अरब डॉलर सेमीकंडक्टर का होता है। हमने संयुक्त उपक्रम के लिए भागीदारों को तैयार किया है। हालांकि, सरकारी मंजूरी मिलनी बाकी है। वेदांता ने कहा कि उसने अब तक भारत में 2.9 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। आने वाले समय में कंपनी सभी क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में 14,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी ने सरकार को सात वर्षों में 3 लाख करोड़ रुपये का कर चुकाया है। इसमें से 74,000 करोड़ पिछले वित्त वर्ष में दिया था।

# लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी, पंजाब ने फ्यूचरिस्टक स्किल ओरिएंटेड प्रोग्राम्स शुरू किए

### स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री के लिए तैयार करने वाले स्पेशलाइल्ड कोर्सेज की पेशकश की यूनिवर्सिटी ने

नई दिल्ली। लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब ने स्टूडेंट्स के लिए ग्लोबल टेक कंपनियों के सहयोग से फ्यूचरिस्टक स्किल ओरिएंटेड प्रोग्राम्स लॉन्च किए हैं। लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब ने भारत में अपनी तरह की पहली स्किल यूनिवर्सिटी है, जिसे आईबीएम ने एंकर पार्टनर, टाटा टेक्नोलॉजीज और एनसिस ने इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में स्थापित किया है। यूनिवर्सिटी को पंजाब सरकार के राज्य अधिनियम संख्या 22, 2021 के तहत स्थापित किया गया है और और यूजीसी, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है। एलटीएसयू 100 एकड़ के विशाल परिसर में रोपड़ के पास सतलुज नदी के तट पर शिवालिक रेंज की तलहटी में स्थित है।

लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी का उद्देश्य भारत को स्किल बेस्ड वर्कफोर्स में ग्लोबल लीडर बनाना, ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनियों के सहयोग से विभिन्न कोर्सेज डिजाइन करना, प्रमुख इंडस्ट्री विशेषज्ञों, प्रेक्टिशनर्स ओर एजुकेशनिस्ट्स द्वारा तय किए गए सिलेबस की रूपरेखा तैयार करना और स्टूडेंट्स का इंडस्ट्री के लिए पूरी तरह से स्किल्ड और तैयार करना है।

स्किल आधारित सिलेबस में स्टूडेंट्स की ट्रेनिंग पर भी काफी ध्यान दिया जाएगा ताकि वे पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रोफेशनली भी पूरी तरह से तैयार हों। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब ने आईबीएम के सहयोग से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में बी.टेक, एम्प्लॉयबिलिटी.लाइफ के सहयोग से डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग में स्पेशलाइजेशन के साथ बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग में अत्याधुनिक जॉब ओरिएंटेड यूनिक स्किलिंग प्रोग्राम्स सफलतापूर्वक शुरू किए हैं।

इन 4 वर्षीय बी.टेक कोर्सेज की विशिष्टता इस प्रकार है: प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग (पीबीएल) और इसका प्रोग्राम स्ट्रक्चर (2.5 वर्ष, 0.5 वर्ष, 1 वर्ष) हैं, जिनके माध्यम से लाइव प्रोजेक्ट्स पर मजबूत जोर, जिसमें स्टूडेंट 2.5 साल कोर और हाई एंड टकनोलॉजीज की स्टडी शामिल है। इसके बाद अगले सेमेस्टर में इंडस्ट्री से लाइव प्रोजेक्ट और एक साल इंडस्ट्री में जॉब के दौरान भी नए स्किल हासिल करने पर जोर दिया जाएगा। एलटीएसयू द्वारा शुरू किए गए अन्य सभी प्रोग्राम्स युवाओं को अपने प्रोफेशनल जुनून को पूरा करने और व्यापक श्रेणी के सभी प्रोग्राम्स में उच्चतम स्तर की एक्सीलेंस और स्टैंडर्ड के साथ ग्लोबल दुनिया में सफलता हासिल करने के लिए सशक्त बनाएंगे।

इस मौके पर लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी, पंजाब के चांसलर डॉ. संदीप सिंह कौरा ने कहा कि इंडस्ट्री-एकेडमिक पार्टनरशिप में इन सहभागिताओं के परिणामस्वरूप एक लर्निंग ईकोसिस्टम का निर्माण होगा जो इंडस्ट्री 4.0 के लिए माननीय प्रधान मंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो भारत के युवाओं को वैश्विक स्तर के कौशल को निखारने और उन्हें घरेलू और विदेशी बाजार में रोजगार के योग्य बनाने के लिए एक मंच प्रदान करके विश्व की कौशल राजधानी के रूप में भारत का नेतृत्व करता है। डॉ कौरा ने आगे बताया कि उनका पूरा ध्यान व्यावहारिक आउटपुट और युवाओं के लिए इंडस्ट्री में रोजगार के अधिक से अधिक मौकों पर है।

डॉ. कौरा ने इस बारे में भी जानकारी दी कि न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक वाले मेधावी छात्र आईबीएम प्रोग्राम में शामिल होने के लिए पात्र होंगे, जबकि न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक वाले एम्प्लॉयबिलिटी.लाइफ प्रोग्राम में प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि विनम्र पृष्ठभूमि वाले मेधावी लेकिन महत्वाकांक्षी छात्र के लिए फीस कोई बाधा न बनें। हमने छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आसान, जमानत मुक्त फाइनेंस के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ करार किया है। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। पूरी प्रक्रिया युवाओं को एजेंटों के हाथों भारी भरकम रिर्सोसेज बर्बाद न करने में मदद करने के लिए शुरू की जाएगी। यूनिवर्सिटी इस वर्ष सभी कोर्सेज को मिलाकर छह हजार छात्रों को प्रवेश देने का लक्ष्य बना रहा है। इससे युवा छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने और उज्ज्वल करियर के लिए मनपसंद कोर्स चुनने का मौका मिलेगा।

इनमें से अधिकांश कोर्सेज रेजीडेंशियल होंगे जिनके लिए यूनिवर्सिटी कैम्पस में एक्सीलेंस हॉस्टल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

# तीसरी जी 20 एफएमसीबीजी बैठक 17 जुलाई से गांधी नगर में

**गांधीनगर।** भारत की जी 20 अध्यक्षता के तहत तीसरी जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) और वित्त एवं केन्द्रीय बैंक डिप्टी (एफसीबीडी) की बैठक 14 से18 जुलाई तक यहां आयोजित की जायेगी।

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका आयोजन गांधीनगर के महात्मा मंदिर में किया जायेगा। 14 जुलाई अर्थात कल से एफसीबीडी की बैठक होगी और 17 एवं 18 जुलाई को एफएमसीबीजी की बैठक होगी जिसकी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास संयुक्त रूप से अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने कहा कि 17 से18 जुलाई की बैठक पांच विषयगत सत्रों में आयोजित की जाएगी जिसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्वास्थ्य, सतत वित्त और बुनियादी ढांचा, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, अंतर्राष्ट्रीय कराधान और वित्तीय क्षेत्र और वित्तीय समावेशन शामिल होंगे। तीसरे जी20 एफएमसीबीजी का लक्ष्य जी20 वित्त ट्रैक के परिणामों की समीक्षा करना और आगे बढ़ने के लिए मंत्रियों और गवर्नरों से मार्गदर्शन प्राप्त करना है।

वित्त मंत्रियों और गवर्नरों को प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमुख डिलिवरेबल्स में एमडीबी को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का खंड 1 शामिल है।

सामान्य ढांचे के तहत देशों के लिए ऋण उपचार में प्रगति, क्रिप्टो-परिसंपत्तियों के विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए विश्व स्तर पर एकीकृत ढांचा विकसित करने के लिए मार्गदर्शन नोट, अंतिम छोर तक वित्तीय समावेशन हासिल करना, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से वित्तीय समावेशन और उत्पादकता लाभ को आगे बढ़ाने के लिए सिफारिशें, भविष्य के शहरों के वित्तपोषण के सिद्धांत आदि शामिल है।

बैठक में आने वाले मंत्रियों, गवर्नरों, डिप्टी और अन्य प्रतिनिधियों के लिए कई जी20 कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इनमें कल के शहरों के लिए फंडिंग और ऋण तंत्र और दृष्टिकोण, टैक्स चोरी, भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला पर इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टर्स डायलॉग शामिल हैं। उच्च-स्तरीय कर संगोष्ठी, क्रिप्टो संपत्तियों पर गोलमेज चर्चा, एमडीबी को मजबूत करने पर जी20 विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट, इंटरलिंकिंग फास्ट पेमेंट सिस्टम (एफपीएस) और उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास-अनुकूल जलवायु कार्रवाई और वित्तपोषण पर कार्यशालाएं शामिल हैं।

वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों और उनके प्रतिनिधिमंडलों के लिए रात्रिभोज संवाद और विशेष रूप से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे जो भारत के विविध व्यंजनों और संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे।

19 जुलाई को जी20 प्रतिनिधियों के लिए एक भ्रमण की भी योजना बनाई गई है ताकि उन्हें गुजरात के जीवंत राज्य का आनंद लेने का अवसर मिल सके। इसमें अहमदाबाद शहर, पाटन और मोढेरा और केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्देशित दौरे शामिल हैं।

# किंगफिशर ने पहला ऑनलाइन मर्चेन्डाइज़ स्टोर केएफडॉटलाइफ किया शुरू

नयी दिल्ली। किंगफिशर ने अपने पहले ऑनलाइन मर्चेन्डाइज़ स्टोर केएफडॉटलाइफ शुरु करने की घोषणा की है।

कंपनी ने जारी बयान में कहा कि द फैन्टम के साथ भागीदारी के जरिये दुनियाभर के फैन्स के लिए किंगफिशर मर्चेन्डाइज़ पेश की जाएगी। इस पेशकश में बार एक्सेसरीज़, बोर्ड गेम्स, वॉल डेकोर साइनेज और ट्रेंडी कपड़े शामिल होंगे। किंगफिशर के मुख्य विपणन अधिकारी विक्रम बहल ने कहा, किंगफिशर भारत के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांडों में से एक है और हम अपने फैन्स के लिए एक्सक्लुसिव ब्रांड स्टोर लॉन्च कर रहे हैं। इस केएफडॉटलाइफ स्टोर से लोग किंगफिशर की ब्रांडेड मर्चेन्डाइज़ खरीद सकते हैं। यह कलेक्शन आज की पीढ़ी में नए अनुभव हासिल करने की चाहत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। द फैन्टम के साथ भीगदारी के साथ हम लोगों को उनके पसंदीदा एवं उच्च गुणवत्ता उत्पाद उपलब्ध कराएंगे, जो कि किंगफिशर की लोकप्रियता के अनुकूल होंगे।

फैन्टम ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक तपन बंसल ने कहा, फैन्टम ब्रांडों को किंगफिशर जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़ने पर बेहद गर्व है। हम खुद भी किंगफिशर के फैन रहे हैं और इसलिए हम यह चाहते हैं कि केएफडॉटलाइफ के माध्यम से उपभोक्ताओं को इस ब्रांड का खास अनुभव अलग-अलग प्रकार से मिल सके। किंगफिशर ब्रांडेड मर्चेन्डाइज़ केएफडॉटलाइफ में उपलब्ध होगी और साथ ही इसे विभिन्न ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस पर भी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

# फेडरल बैंक का मुनाफा 42 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 853.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 600.66 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 42.13 प्रतिशत अधिक है।

बैंक के प्रबंध निदेशक श्याम श्रीनिवासन ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये संवाददाताओं को यह जानकारी। उन्होंने कहा कि ब्याज से होने वाली आमदनी बढ़ी है। जून में समाप्त इस पहली तिमाही में उसकी ब्याज से होने वाली आमदनी 19.57 फीसदी की बढ़त के साथ 1,918.59 करोड़ रुपये पर रही जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,604.51 करोड़ रुपये पर रहा था। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में कुल आय 5756.94 करोड़ रुपये रही जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की 4081.48 करोड़ रुपये की तुलना में 41.05 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही में फेडरल बैंक का सकल एनपीए तीमाही आधार पर 2.36 फीसदी से बढ़कर 2.38 फीसदी पर रहा है। वहीं, शुद्ध एनपीए तिमाही आधार पर बिना बदलाव के 0.69 पर बरकरार रहा है। इस अवधि में बैंक द्वारा 155.6 करोड़ रुपये के प्रावधान किये गये हैं जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 116.7 करोड़ रुपये रहा था।

# गोदरेज यमीज़ ने पेश की कबाब की रेंज

**नयी दिल्ली।** फ्रोजन पकवानों के बाजार में तेजी से बढ़ रहे गोदरेज टायसन फूड्स लिमिटेड (जीटीएफएल) का रेडी-टू-कुक उत्पाद ब्रांड गोदरेज यमीज़ ने वर्ल्ड कबाब डे के मौके पर लजीज कबाब की पेशकश की है।




कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन कबाब का आनंद इस वर्ल्ड कबाब डे (विश्व कबाब दिवस) पर उठाया जा सकता है, जिसे 14 जुलाई को मनाया जाएगा। यह पेशकश में पारंपरिक भारतीय पकवानों की दुनिया में ले जाने की ताकत है। बेहतरीन सामग्रियों और पाक कला के पारखियों द्वारा सटीकता से तैयार किया गया गोदरेज यमीज़ कबाब एक आनंददायक अनुभव देने का वादा करता है।

कंपनी का दावा है कि गोदरेज यमीज़ के कबाब की रेंज चिकन लखनवी कबाब, चिकन सीख और चिकन हरियाली कबाब में किसी भी प्रकार का प्रीजरवेटिव नहीं है। गोदरेज यमीज़ कबाब की पूरी रेंज को माइक्रोवेव किया जा सकता है। कंपनी की रेंज में चिकन गलौटी कबाब भी है।

गोदरेज टायसन फूड्स लिमिटेड (जीटीएफएल) गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड और अमेरिका की कंपनी टायसन फूड्स का एक संयुक्त उपक्रम है। जीटीएफएल, 'रियल गुड चिकन' और यमीज़ जैसे पसंदीदा ब्रांडों के माध्यम से प्रोटीन उत्पादों की पेशकश करता है। यह स्थानीय स्वाद के अनुरूप विश्व स्तरीय मानकों पर नए-नए खाद्य समाधानों के साथ भारत के व्यापक खाद्य उद्योग, क्विक सर्विस रेस्टोरेंट्स और आधुनिक खुदरा विक्रेताओं की जरूरतों को पूरा करता है।

शाकाहारी और मांसाहारी उत्पादों की अपनी विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से यह कुछ प्रतिष्ठित भारतीय खाद्य पदार्थों की पेशकश करता है।

# डाबर ने अपने डिश-वॉशिंग पोर्टफोलियो का किया विस्तार

नयी दिल्ली। उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने नए डिश-वॉशिंग प्रोडक्ट 'ओडोपिक क्रीम' का लॉन्च करते हुए अपने ओडोपिक पोर्टफोलियो का विस्तार किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 'हमने नए प्रोडक्ट 'ओडोपिक क्रीम' के लॉन्च के साथ अपने ओडोपिक पोर्टफोलियो का विस्तार किया है।

बिग लाईम और चारकोल से बना यह प्रोडक्ट 50 प्रतिशत कम स्क्रबिंग की गारंटी देता है। इसमें एलो वेरा भी है, ऐसे में यह हाथों को नुकसान नहीं पहुंचाता।

ओडोपिक क्रीम गाढ़ी क्रीम जैसा फार्मला है, जो बर्तनों पर लगी चिकनाई को भी आसानी से निकाल देता है।

यह ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेज़ॉन इंडिया पर उपलब्ध है। जल्द ही यह अन्य सेल्स चैनलों पर भी उपलब्ध होगा।

## एचडीएफसी ने डिजिटल करेंसी इंटरऑपरेबल यूपीआई क्यूआर कोड किया लॉन्च

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के प्रमुख एचडीएफसी बैंक ने आज सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) के साथ देश की अपनी डिजिटल करेंसी इंटरऑपरेबल यूपीआई क्यूआर कोड लॉन्च किया। बैंक ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि एचडीएफसी बैंक सीबीडीसी को लेकर इंटीग्रेशन प्रोसेस को पूरा करने वाले देश के पहले बैंकों में से एक बन गया है। इंटरऑपरेबल यूपीआई क्यूआर कोड एचडीएफसी बैंक के व्यापारियों को, जो बैंक के सीबीडीसी प्लेटफॉर्म पर शामिल हैं, अपने ग्राहकों से डिजिटल रुपया करेंसी के रूप में भुगतान स्वीकार करने की सुविधा देता है। इससे दिन-प्रतिदिन के लेनदेन में सीबीडीसी के उपयोग को काफी तेजी से बढ़ावा मिलेगा। सीबीडीसी के साथ इंटरऑपरेबल यूपीआई क्यूआर कोड के प्रमुख लाभ में यूपीआई क्यूआर कोड पर ग्राहकों के सीबीडीसी वॉलेट में पैसे का लेनदेन उपलब्ध है। एक ही व्यापारी के यहां अलग-अलग क्यूआर कोड स्कैन करने की जरूरत नहीं है, शामिल है। इसी तरह इससे व्यापारियों को स्टोर फ्रंट पर या एक्वारिंग बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से केवल एक क्यूआर कोड डिस्प्ले करना होगा। व्यापारियों को अपने मौजूदा क्यूआर कोड बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है इस नई शुरुआत के मौके पर एचडीएफसी बैंक के कंट्री हेड-पेमेंट्स, कंज्यूमर फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और डिजिटल बैंकिंग पराग राव ने कहा, एचडीएफसी बैंक हमेशा डिजिटल बैंकिंग के अलग अलग उपयोग के लिए नए नए प्रयासों को शुरू करने में सबसे आगे रहा है, और हम इस नई डिजीटल रुपया करेंसी में भी अपने ग्राहकों को बेस्ट-इन-क्लास कैटेगरी और एडवांस्ड अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे डिजिटल बैंकिंग सॉल्यूशंस देश में सबसे अच्छे और सबसे सुरक्षित सॉल्यूशंस में से एक हैं। सीबीडीसी एक दूरदर्शी पहल है और पहले से ही स्वीकृत और व्यापक रूप से लोकप्रिय यूपीआई के साथ इसकी क्यूआर इंटरऑपरेबिलिटी इसके उपयोग के लिए काफी फायदेमंद साबित होने वाली है।

# जीएसटी को ईडी के दायरे में लाने से व्यापारियों में भय व्यापत, कैट ने भय को निराधार बताया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में फेडरेशन ऑफ दिल्ली ट्रेड एसोसिएशन, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री समेत अन्य व्यापारिक संगठनों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े मामलों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दायरे में लाने भय का माहौल बना हुआ है और वे इसका विरोध कर रहे हैं।




जीएसटी नेटवर्क लिमिटेड (जीएसटीएन) से डेटा प्राप्त करने के लिए ईडी को सशक्त बनाने वाली सरकार की हालिया अधिसूचना ने देश भर के व्यापारिक समुदाय के बीच घबराहट और भय पैदा कर दिया है कि अब उन्हें एक और सरकारी विभाग ईडी का सामना करना पड़ेगा और ईडी कभी भी उनकी जांच कर सकती है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस तरह की आशंकाओं को निराधार और अतार्किक करार दिया है क्योंकि अधिसूचना को पढ़ने से इस बात का पता चलता है कि व्यापारियों के खिलाफ ईडी कोई भी एकतरफ़ा दंडात्मक कार्रवाई नहीं कर सकता है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि सात जुलाई की संबंधित अधिसूचना के सावधानीपूर्वक और व्यापक अध्ययन से यह स्पष्ट है कि जीएसटी को ईडी के दायरे में शामिल करने को लेकर आशंकाए निराधार है। श्री भरतिया और श्री खंडेलवाल दोनों ने कहा कि अधिसूचना के अनुसार, यह वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) है जो विभिन्न अन्य एजेंसियों और सरकारी विभागों की तरह ईडी के साथ जुड़ी हुई है। एफआईयू संभावित अवैध वित्तीय लेनदेन से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, सावधानीपूर्वक प्रसंस्करण, सूक्ष्मता से विश्लेषण करने और प्रभावी ढंग से प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिणामस्वरूप, व्यापारियों को ईडी द्वारा पूछताछ या जांच का सामना करना पड़ सकता है यदि उन्हें एफआईयू की अटूट नजर से जांच के बाद दोषी माना जाता है।

दोनों व्यापारी नेताओं ने कहा कि अगर वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) की जांच के तहत कोई भी दोषी पाया जाता है, तो ईडी सक्रिय रूप से शामिल होगा और उचित कार्रवाई करेगा।

दोनों नेताओं ने कहा कि जीएसटी में, कर योग्यता, छूट, वर्गीकरण, मूल्यांकन, आईटीसी के लिए पात्रता, रिफंड के लिए पात्रता आदि जैसे कानूनी विवादों को पीएमएलए के तहत कवर नहीं किया जा सकता है, इसमें आईटीसी क्लेम करने के लिए नकली चालान जारी करने का सहारा लेने जैसी गतिविधियां, टैक्स चोरी के इरादे से जारी किये गए फर्जी चालान, उसके आधार पर संपत्तियों के अधिग्रहण भी शामिल है।

धारा 66 ईडी को किसी भी प्राप्त जानकारी को किसी भी कर अधिकारी अथवा ऐसे अन्य प्राधिकारी जिन्हें अधिसूचित किया जा सकता है उनको अधिकार देती है। इस प्रकार, कर प्राधिकारी होने के नाते जीएसटी अधिकारी पहले से ही ईडी से कोई भी जानकारी प्राप्त करने के हकदार हैं।

सात जुलाई की अब नवीनतम अधिसूचना के माध्यम से जीएसटीएन को भी एक अन्य प्राधिकरण के रूप में शामिल किया गया है, जो उन्हें ईडी से किसी भी जानकारी को साझा करने का हकदार बनाता है।

## शार्ट न्यूज

### पंजाब फ्रंटियर ने जीती बीएसएफ की 46वीं इंटर फ्रंटियर हॉकी प्रतियोगिता

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), पंजाब फ्रंटियर ने 46वीं बीएसएफ इंटर फ्रंटियर हॉकी प्रतियोगिता 2023 जीत ली है। मुख्यालय बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर जालंधर में 10 से 13 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सीमा सुरक्षा बल के 11 फ्रंटियर्स की टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता गुरुवार को पंजाब फ्रंटियर के विजेता, जम्मू फ्रंटियर के उपविजेता और साउथ बंगाल फ्रंटियर के तीसरे स्थान हासिल करने के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता का समापन समारोह गुरुवार को हॉकी टर्फ ग्राउंड, अश्विनी स्टेडियम, बीएसएफ कैंपस, जालंधर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पी वी राम शास्त्री, आईपीएस, एसडीजी बीएसएफ (पश्चिमी कमान) और सम्मानित अतिथि आज़ाद सिंह मलिक आईजी बीएसएफ, एसटीसी खड़कां, अतुल फुल्ज़ेले, आईपीएस, आईजी बीएसएफ, पंजाब फ्रंटियर और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के अन्य खिलाड़ी और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने पंजाब फ्रंटियर टीम को विजेता ट्रॉफी, जम्मू फ्रंटियर टीम को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की और सच्ची खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी टीमों की सराहना की।

### कवरप्पा के कहर से हिला पश्चिम,रोमांच बरकरार

बेंगलुरू। विदवथ कवरप्पा (44 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्राफी फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र की पहली पारी में सात विकेट महज 129 रन पर चटका कर मैच में जबरदस्त वापसी की। दक्षिण क्षेत्र की पहली पारी को 213 रन पर समेटने के बाद पश्चिम क्षेत्र एक समय दो विकेट पर 97 रन जोड़ कर अच्छी शुरूआत कर चुका था मगर कवरप्पा ने चेतेश्वर पुजारा (नौ),सूर्यकुमार यादव (8),हर्विक देसाई (28) और सरफराज खान को शून्य पर चलता कर मैच का पासा पलट दिया। कवरप्पा की गेंदबाजी के कहर से पश्चिम का मध्यक्रम चरमरा गया। पारी के 31वें ओवर में कवरप्पा का पहला शिकार देसाई बने जो विकेट के पीछे लपके गये। अभी पश्चिम इस दंश से उबरा भी नहीं था कि अगले ही ओवर में क्रीज पर चट्टान की तरह जमे पृथ्वी शॉ विजय कुमार व्यस्क का शिकार बन गये। शॉ ने 101 गेंद खेल कर पारी में नौ चौके जड़े। शॉ और देसाई का विकेट उखड़ते ही दक्षिण का आक्रमण और धारदार हो गया। व्यस्क ने दो विकेट चटकाये जबकि कप्तान प्रियांक पंचाल (11) का विकेट वासुकी कौशिक के खाते में गया।

### चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्राफी जीत कर भारत रचेगा इतिहास: ठाकुर

नई दिल्ली। खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को भरोसा जताया कि भारत चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचेगा। ठाकुर ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नई 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने %पास द बॉल ट्रॉफी टूर% अभियान भी लॉन्च किया। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ चेन्नई में तीन अगस्त को होगा, जिसमें भारत, कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। 12 अगस्त तक खेले जाने वाली प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स, डिज्नी+हॉटस्टार पर किया जाएगा। भारत के बाहर देखने के लिए इसे वॉच हॉकी पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रॉफी की यात्रा महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह उत्साह पैदा करता है, जागरूकता बढ़ाता है, युवा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देखने और एक दिन टीम इंडिया का हिस्सा बनने का सपना देखने के लिए आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि भारत चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचेगा। उन्होंने कहा कि चेन्नई एक बहुत अच्छा मेजबान साबित होगा और हमारी सरकार सहकारी संघवाद और प्रतिस्पर्धी संघवाद में विश्वास करती है, जो खेलों के लिए भी लागू होता है।

### द कोरिया ने ऑस्ट्रेलिया , न्यूजीलैंड व जापान से किया आग्रह

सोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने उत्तर कोरिया के एक नए मिसाइल प्रक्षेपण के बाद एशिया-प्रशांत (एपी4) में अपने तीन नाटो सहयोगियों ऑस्ट्रिलिया, जापान और न्यूज़ीलैंड से सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने का आग्रह किया है। इससे पहले दिन में, उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित की, जो देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर जापान के ओकुशीरी द्वीप से 155 मील दूर गिरी। योनहाप समाचार एजेंसी ने कहा श्री यून ने विनियस में नाटो शिखर सम्मेलन से इतर ऑस्ट्रेलिया, जापान और न्यूजीलैंड के नेताओं के साथ एक बैठक में कहा, मेरा मानना है कि हमें, एपी4 को एक मजबूत सामूहिक सुरक्षा स्थिति स्थापित करने के लिए नाटो के साथ मिलकर काम करना चाहिए। हमें इसे नाटो के साथ अपने सहयोग ढांचे को बढ़ाने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने के अवसर के रूप में उपयोग करना होगा।

### सूडान से 64 हजार से अधिक लोग ने किया इथियोपिया में प्रवेश: संयुक्त राष्ट्र

अदीस अबाबा। संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि सूडान में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के कारण वहां से भागे 64 हजार से अधिक लोग इथियोपिया में प्रवेश कर चुके है। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी (आईओएम) ने बुधवार को जारी अपने नवीनतम स्थिति अपडेट में कहा कि सूडान में चल रहे सशस्त्र संघर्ष ने सैकड़ों हजारों लोगों को पड़ोसी देशों में भागने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक 64 हजार से अधिक लोग देश के अमहारा, बेनिशांगुल गुम्ज़ और गैम्बेला क्षेत्रों में कई सीमा पार करने वाले स्थानों के जरिए इथियोपिया पहुंचे। इथियोपिया में प्रवेश करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या के बीच आईओएम ने कहा कि तेज बारिश के कारण इलाकों में सहायता कर्मियों को मदद पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आईओएम ने कहा कि उसने सीमा पार करने वाले स्थानों और प्रमुख क्रॉसिंग वाली जगहों मेटेमा में अपने प्रवासन प्रतिक्रिया केंद्र पर अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है।

### एशियन गेम्स से पहले मां के साथ अमरनाथ पहुंचीं साइना नेहवाल, बाबा भोलेनाथ के किए दर्शन

अमरनाथ। एशियन गेम्स की शुरुआत 23 सितंबर से होने जा रही है। भारतीय एथलीट्स इसकी तैयारी में जुट गए हैं। हांगझोउ में होने वाले एशियन गेम्स से इस बार भारतीय फैंस को काफी उम्मीदें हैं। 2018 में जकार्ता और पालेमबैंग में हुए पिछले संस्करण में भारतीय टीम ने 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य समेत कुल 70 पदक जीते थे। भारत तब पदक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था। ऐसे में फैंस इस बार भारतीय एथलीट्स से और बेहतर करने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इन खेलों से पहले भारत की स्टार बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल अमरनाथ की यात्रा पर गईं। वहां उन्होंने बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। पिछले कुछ समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहीं साइना अमरनाथ यात्रा के लिए पहुंचीं। वहां उन्होंने भोलेनाथ के दर्शन किए और यात्रा को लेकर खुशी भी जताई। वह वहां के संसाधनों से भी बेहद खुश दिखीं। उन्होंने कहा- हमने अमरनाथ जी के बहुत अच्छे दर्शन किएय़ मैं अपनी मां के साथ दर्शन करने पहुंची। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं अमरनाथ श्राइन बोर्ड और वहां हमारी मदद करने वाली सेना के लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं बहुत संतुष्ट हूं। जब आप ऐसी जगह आते हैं जहां आपको सकारात्मकता और शक्ति मिलती है और मन शांत होता है, आत्मविश्वास मिलता है, तो बहुत अच्छा लगता है। यहां आने का अनुभव बहुत आरामदायक था।

# अश्विन, जडेजा की फिरकी में फंसी इंडीज 150 पर ढेर, भारत 80/0

**डोमिनिका।** पदार्पण टेस्ट में एलिक अथानजे (47) की उपयोगी पारी के बावजूद रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जड़ेजा की फिरकी में फंसी वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 150 रन ही जुटा सकी।

विंडसर पार्क में अश्विन ने पांच और जडेजा ने तीन विकेट अपने नाम किए। भारत के लिए पहला टेस्ट खेलने उतरे यशस्वी जयसवाल (40) ने कप्तान रोहित शर्मा (30) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की अविजित साझेदारी की। भारतीय टीम को वेस्ट इंडीज के 150 रन के लक्ष्य को पार करने के लिए 70 रन की और जरुरत है।

रोहित का भाग्य ने उस समय साथ दिया जब भारत की पारी के दूसरे ओवर में जोरदार अपील के बाद अंपायर कॉल ने उन्हें आउट नहीं दिया। अंपायर कॉल पर इंडीज के खिलाड़ियों की अपील का कोई असर नहीं पड़ा जिसके बाद रोहित ने केमर रोच की गेंद पर एक हाथ से कवर ड्राइव लगाते हुए गेद को बाउंड्री के पार पहुंचाया।

कई मौकों पर कॉर्नवाल के सामने जयसवाल टाइमिंग नहीं कर पा रहे थे, लेकिन रोहित ने जोसेफ की गेंद पर एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव लगाकर अपने हाथ खोले और फिर स्पिनर जोमेल वारिकन को उनके पहले ही ओवर में छक्का लगाकर 50 रन की साझेदारी पूरी की। रोहित के शॉट को देखते हुए जयसवाल का भी हौसला बढ़ा। जयसवाल ने कॉर्नवाल और वारिकन की लेंथ को जल्दी स भांप लिया और कुछ गेंद को कट के जरिये बॉउंड्री के पार पहुंचाने में सफल रहे। उन्होंने जेसन होल्डर की गेंद को भी कवर के क्षेत्र से सीमा पर कर अपनी पांचवी बाउंड्री लगायी और फिर दिन के आखिरी ओवर में वॉरिकन की गेंद पर रिवर्स-स्विप लगाकर चौका बटोरा।




तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जयदेव उनादकट वेस्ट इंडीज के बल्लेबाजों पर कोई ज्यादा दबाब नहीं बना पाए जबकि अश्विन ने वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रैग ब्रैथवेट और टेगेनारिन चंद्रपॉल को वापस पवेलियन भेजा। चंद्रपॉल एक ड्रिफ्टर का बचाव करने की कोशिश में क्लीन बोल्ड हो गए और ब्रैथवेट स्लॉग करने की कोशिश में लपके गए। अश्विन के ओवर में पगबाधा आउट की अपील करने पर भारतीय टीम ने डीआरएस की मांग की जिससे जर्मेन ब्लैकवुड बच गए। रेमन रीफ़र को शार्दुल ठाकुर की गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर टेस्ट मैंच में डेब्यू कर रहे ईशान किशन ने विकेट की पीछे लपक लिया।

लंच ब्रेक से ठीक पहले सिराज के शानदार कैच की बदौलत जडेजा ने ब्लैकवुड को आउट किया। इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने जोशुआ दा सिल्वा को आगे खेलने को मजबूर किया और भारत ने डीआरएस का विकल्प चुना, लेकिन इस समय फैसला बल्लेबाज के पक्ष में गया। हालाँकि विकेटकीपर-बल्लेबाज जल्द ही पवेलियन वापस चला गया क्योंकि उसने जडेजा की गेंद को अपने शरीर के करीब से मारने की कोशिश की और उन्हें आउट करार दिया गया। इसके बाद इंडीज के टेलहेंडर अथानाज़ और होल्डर ने पारी को संभालने की कोशिश की और बल्लेबाजों ने ब्रायन लारा की तरह कुछ स्टाइलिश शॉट्स भी मारे और छक्का भी जड़ा। अश्विन को हालांकि दूसरे सत्र में अधिक टर्न मिल रहा था।

बाद में सिराज ने एक शॉर्ट गेंद पर होल्डर को आउट कर साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद अश्विन ने जोसेफ को आउट करके अपना 700वां अंतरराष्ट्रीय विकेट लिया और अथानाजे को आउट कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया। कॉर्नवाल ने चाय के तुरंत बाद अश्विन की गेंदों पर दो चौके लगाए। रोच ने कुछ समय के लिए उनका साथ दिया। रोच जडेजा का तीसरा शिकार बने क्योंकि भारत ने डीआरएस का सहारा लेकर नॉट-आउट के फैसले को पलट दिया जिसके बाद वह पगबाधा आउट हो गए। वॉरिकन को हालांकि अश्विन ने अपना पांचवां शिकार बनाया। उन्होंने शुभमन गिल को बैट-पैड कैच दिया, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस ने वॉरिकन को आउट दे दिया।

वेस्टइंडीज 150 रन पर ऑल आउट हो गयी जहां एलिक अथानाजे अपने अर्धशतक से चूक गये और 47 पर आउट हो गये, क्रैग ब्रैथवेट ने 20 रन को योगदान दिया। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5-60, रवींद्र जड़ेजा 3-26 का योगदान रहा। भारत ने पहली पारी में बिना विकेट गवाये 80 रन बना लिए है और यशस्वी जयसवाल 40, रोहित शर्मा 30 रन पर नाबाद हैं। भारत वेस्ट इंडीज के 150 से महज 70 रन पीछे है।

# बांग्लादेश ने जीता मैच, भारत के कब्जे में सीरीज

मीरपुर। कप्तान हरमनप्रीत कौर (40) और जेमिमा रोड्रिग्स (28) की शानदार पारियों के बावजूद निचले क्रम के बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के चलते भारत तीन मैचों की टी-20 सीरीज में बांग्लादेश का क्लीन स्वीप करने के मौके से चूक गया। शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम पर श्रृखंला के तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश ने दस गेंद शेष रहते छह विकेट खोकर भारत द्वारा दिये गये विजयी लक्ष्य को पाकर शानदार जीत हासिल की। भारत ने पहले खेलते हुये नौ विकेट पर 102 रन बनाये थे जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 18.2 ओवर के खेल में छह विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाये। भारत इससे पहले खेले गये



दो टी-20 मुकाबलों में मेजबान टीम को धो चुका है। बांग्लादेश की जीत में 35 वर्षीय शमीमा सुल्ताना की भूमिका अहम रही जिन्होने सलामी बल्लेबाज के तौर पर 68 मिनट क्रीज पर बिताये और 46 गेंदो पर तीन चौको की मदद से 42 रन की उपयोगी पारी खेली जो भारत के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण कारक साबित हुयी। वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हुयी।

# इंडियन ऑयल टीटी : बेंगलुरु स्मैशर्स भिड़ेगी यू मुंबा से

**पुणे।** इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 4 के दूसरे मैच में शुक्रवार को यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरू स्मैशर्स का मुकाबला यू मुंबा टीटी से होगा।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा फ्रेंचाइजी-आधारित लीग 2017 में इसकी शुरुआत के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर रही है। स्टार भारतीय पैडलर मनिका बत्रा के नेतृत्व वाली बेंगलुरू स्मैशर्स ने इंडियाऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 4 में प्रवेश किया है। दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी का मानना है कि उनकी फ्रेंचाइजी के पास खिलाड़ियों का शानदार संयोजन है और वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।




मनिका ने कहा, मैं इस सीजन में यूटीटी में खेलने के लिए उत्साहित हूं। सीजन 4 में कई नए चेहरे हैं और उनके साथ खेलना एक रोमांचक अनुभव होगा। बेंगलुरु स्मैशर्स हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ देगा।

मनिका के अलावा, सानिल शेट्टी, पोयमंती बैस्या और जीत चंद्रा भी मुकाबले में अपनी छाप छोड़ने का भरसक प्रयत्न करेंगे। फ्रेंचाइजी ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़यों नतालिया बाजोर और किरिल गेरासिमेंको को भी अपने साथ जोड़ा है, जो अपनी सामरिक प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं और बेंगलुरु की सफलता की कुंजी साबित हो सकते हैं।

दूसरी ओर पिछले सीज़न में अपने असाधारण प्रदर्शन से सुर्खियों में आई यू मुंबा टीटी एक बार फिर से मुकाबला करने के लिए तैयार है। उनके पास अफ्रीकी चैंपियन अरुणा क्वाड्री (डब्ल्यूआर 18) के रूप में एक अनुभवी पैडलर हैं, जो इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस सीज़न 4 में सर्वोच्च रैंक वाली खिलाड़ी भी हैं और लीग में व्यापक असर दिखाने के लिए प्रयासरत रहेगी।

टीम में लिली झांग एक और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जबकि मानव ठक्कर और मौमा दास फ्रेंचाइजी में स्टार भारतीय आकर्षण का केन्द्र हैं। युवा दीया चितले और सुधांशु ग्रोवर भी कुछ बड़ी जीत के साथ लीग में अपना लोहा मनवाना चाहेंगे।

झांग ने मुकाबले से पहले कहा, मैं फिर से यहां भारत आने और टेबल टेनिस खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैंने यहां सीजन 2 में खेला था और बहुत अच्छा लग रहा है कि यूटीटी इस बार नए चेहरों के साथ वापस आ गया है। मेरी फ्रेंचाइजी में टीम भावना और माहौल वास्तव में अच्छे खेल का प्रदर्शन कर रही हैं और मैं अपने पहले मैच का इंतजार कर रही हूं।

यह मुकाबला शाम 7.30 बजे शुरू होगा और स्पोर्ट्स 18 पर इसका प्रसारण होगा और जियोसिनेमा पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस मैच के टिकटें बुकमायशो पर मिलेंगी।

# शीत युद्ध के हथकंडों को अपना रहे नाटो देश

## रूस बोला- हर तरह के खतरों से निपटने को तैयार; स्वीडन बनेगा 32वां सदस्य

**विलिनियस।** यूरोपीय देश लिथुएनिया में 2 दिन तक चली नाटो समिट यूक्रेन की सदस्यता पर बिना कोई अहम स्टैंड लिए ही खत्म हो गई। यूक्रेन को समिट में नाटो की सदस्यता पर बड़ी घोषणा होने की उम्मीद थी। इसके बदले उसे सुरक्षा के सहयोग का आश्वासन मिला।

वहीं, रूस ने नाटो समिट के दौरान पुतिन के खिलाफ हुई बयानबाजी पर पलटवार किया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नाटो देश शीतयुद्ध के हथकंडों को अपना रहे हैं। इसे पैदा होने वाले खतरे का जवाब हम हर तरह से देने के लिए तैयार हैं।

### बाइडेन ने पुतिन को सत्ता का लालची बताया

नाटो की बैठक में यूक्रेन को लंबी रेंज वाले हथियार देने की भी घोषणा हुई है। इस पर रूस ने कहा है कि अमेरिका के नेतृत्व में चंद देश जंग को लंबा खींचने के लिए ऐसा कर रहे हैं। वहीं, समिट के आखिरी दिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो




बाइडेन ने पुतिन के खिलाफ बयानबाजी की।

उन्होंने कहा- पुतिन जमीन और सत्ता के लालची हैं, यूक्रेन पर हमला करते हुए उन्हें लगा था कि वो नाटो को तोड़ देंगे। पर वो गलत थे। नाटो अब और भी ताकतवर और एकजुट है। इसके जवाब में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि यूक्रेन को स्न-16 फाइटर जेट्स देकर नाटो देश रूस को परमाणु खतरे की तरफ धकेल रहे हैं।

उन्होंने कहा- नाटो और अमेरिका की सैटेलाइट्स सीधे रूस से जंग का खतरा पैदा कर रही हैं, इसका अंजाम खतरनाक हो सकता है।

### 200 साल, 2 विश्व युद्ध में तटस्थ रहा स्वीडन यूक्रेन हमले से नाटो में शामिल

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मध्यस्थता से आखिरकार तुर्किये ने नाटो में स्वीडन के शामिल होने का रास्ता साफ कर दिया है। यूक्रेन पर रूस के हमले के 16 महीनों बाद नाटो का विस्तार बड़ी सफलता है। एक साल में नाटो में 2 नॉर्डिक देशों (फिनलैंड और स्वीडन) की सदस्यता से उसे उत्तरी यूरोप में रूस के खिलाफ नया रक्षा कवच मिलेगा।

मार्च 2022 में यूक्रेन में रूस के हमले के बाद स्वीडन और फिनलैंड दोनों अपनी बरसों पुरानी तटस्थता की नीति को छोड़ते हुए अप्रैल 2022 में नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन किया था। फिनलैंड नाटो में 31वां सदस्य बन गया, लेकिन नाटो के मौजूदा सदस्यों तुर्किये और हंगरी के विरोध के चलते स्वीडन की सदस्यता अटक गई थी।

### 1814 के बाद किसी युद्ध में शामिल नहीं हुआ है स्वीडन

स्वीडन ने 200 साल में कोई भी बड़ा युद्ध नहीं लड़ा है। आखिरी बार 1814 में स्वीडन-नॉर्वे युद्ध हुआ था। दोनों विश्व युद्ध में भी स्वीडन तटस्थ रहा था। स्वीडन नाटो सक्रिय सहयोगी रहा है। उसने इराक, अफगानिस्तान में शांति सेना भेजी थी, लेकिन रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद स्वीडन अपनी निर्गुट विचारधारा छोड़ने को मजबूर हो गया।

# 20 साल बाद रेप-मर्डर का आरोपी गिरफ्तार

## इजराइली पुलिस ने लेटेस्ट फोरेंसिक टेक्नीक इस्तेमाल की

**तेल अवीव।** इजराइली पुलिस ने 2003 में हुए रेप और मर्डर के एक केस को सॉल्व किया है। इसके लिए बिल्कुल लेटेस्ट और हाईटेक फोरेंसिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, इजराइल ने अब तक इस टेक्नोलॉजी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने इसी मेथड का इस्तेमाल करके घटनास्थल से 20 साल बाद आरोपी का डीएनए भी जुटाया और क्राइम सीन भी रीक्रिएट किया। यह केस ऐलात शहर में हुआ था। विक्टिम 21 साल की मारग्रिटा लेवी थी। तब इस केस के सिलसिले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया था। सबूत न मिलने पर उसे छोड़ दिया गया था। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' और कुछ दूसरी मीडिया रिपोर्ट्स में गुरुवार को इस मर्डर और रेप केस के सॉल्व होने की जानकारी दी गई। इनके मुताबिक- ऐलात शहर की



पुलिस ने उस स्पॉट पर डेड बॉडी मिलने का सीए रिक्रिएट किया जहां 20 साल पहले मारग्रिटा की लाश मिली थी। ये रिक्रिएशन मई में किया गया था और इसी दौरान उस स्पॉट से आरोपी समी अबु अल-असल का डीएनए और इससे जुड़े एविडेंस कलेक्ट किए गए। आरोपी की उम्र अब 51 साल हो चुकी है। 2003 और 2023 में लिए गए फोटोज का कॉम्बो भी पुलिस ने जारी किया। समी जाफा शहर में रहने वाला अरब मूल का नागरिक है। जून 2003 की एक शाम लेवी की डेड बॉडी ऐलात शहर के एक बिजी पब्लिक पार्क में पाई गई थी। आरोपी समी एक महिला से रेप के केस में पहले भी 13 साल जेल में रह चुका है। अब वो दो बच्चों का पिता है।

### मिलिट्री में रह चुकी थी लेवी

रिपोर्ट्स के मुताबिक- 2003 में मारग्रिटा लेवी की उम्र 21 साल थी और वो मिलिट्री की कम्पलसरी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद किसी बड़े होटल में जॉब खोजने के लिए एशडोड शहर से ऐलात आई थी। इसके अलावा वो यरूशलम यूनिवर्सिटी में लॉ ग्रेजुएशन भी कर रही थी। ऐलान पहुंचने के चार दिन बाद पुलिस को पार्क से उसकी कम्बल में लिपटी डेड बॉडी मिली थी। लेवी के दोनों हाथ पीछे की तरफ बंधे थे। जांच के दौरान साफ हो गया कि यह केस रेप और मर्डर का है। उस वक्त समी टूरिस्ट स्पॉट ऐलात के एक लग्जरी बार में जॉब करता था।

### दक्षिण कोरिया के डेंगू में अस्पताल में लगी आग, 200 मरीजों को निकाला गया

सियोल। दक्षिण कोरिया में डेंगू प्रांत के अस्पताल में गुरुवार तड़के आग लगने के कारण करीब 200 मरीजों को बाहर निकाला गया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरिया के अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से बताया कि डेंगू प्रांत दलसेओ जिले में स्थिति एक अस्पताल के पार्किंग टॉवर में स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे अज्ञात कारण आग लग गई। उन्होंने बताया कि करीब 170 दमकलकर्मियों और 65 अग्निशमन गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल से निकाले गए मरीजों में से एक 70 वर्षीय महिला ने कहा कि उसे सांस लेने में हो रही परेशानी के करण उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### ट्विटर के पूर्व कर्मचारी ने किया मस्क पर पांच करोड़ का मुकदमा

वाशिंगटन। ट्विटर के पूर्व कर्मचारियों ने अपेक्षित पैकेज का भुगतान नहीं करने पर कंपनी और उसके मालिक एलन मस्क पर पांच करोड़ रूपये का मुकदमा किया है। ट्विटर के मानव संसाधन विभाग के एक पूर्व कर्मचारी कर्टनी मैकमिलियन ने बुधवार को अमेरिका के कैलिफ़ोर्निया प्रांत के उत्तरी जिला न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे में कहा गया है कि मस्क ने कंपनी के अधिग्रहण की तारीख से लेकर निर्णय की तारीख से एक वर्ष तक सभी बर्खास्त कर्मचारियों को योजना के अनुसार पृथक्करण की पूरी शर्तें प्रदान करने के लिए प्रतिवादियों को बाध्य किया। इस दौरान की यह राशि पांच करोड़ रूपये है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2022 के आखिर में एलन मस्क ने ट्विटर के 44 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया था। अधिग्रहण के बाद,मस्क ने कंपनी के दिन-प्रतिदिन के संचालन को बदल दिया।

### अजरबैजानी सैनिकों ने फिर की गोलीबारी

येरेवान। आर्मेनिया के सीमावर्ती इलाकों में अजरबैजानी सैनिकों ने 48 घंटों के दौरान दूसरी बार गोलीबारी की है। आर्मेनिया रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा, स्थानीय समयानुसार बुधवार (12 जुलाई) रात करीब नौ बजे के बीच और गुरुवार (13 जुलाई) दोपहर एक बजे के बीच अज़रबैजान के सशस्त्र बलों ने वेरिन शोरज़ा के पास अर्मेनियाई युद्ध चौकियों के खिलाफ विभिन्न कैलिबर छोटे हथियारों से गोलीबारी की है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि अजरबैजानी सैनिकों द्वारा द्विपक्षीय सीमा पर अर्मेनियाई युद्ध चौकियों की ओर की गयी गोलीबारी में उनका एक सैनिक घायल हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, आर्मेनिया और अजरबैजान ने विवादित नागोर्नी-काराबाख पर दो युद्ध लड़े हैं।

### नासा मना रहा है वेब स्पेस टेलीस्कोप के विज्ञान के पहले वर्ष का जश्न

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) टेलीस्कोप के विज्ञान का पहला वर्ष पूरा होने का जश्न मनाने के लिए बुधवार को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई एक छोटे तारे नुमा क्षेत्र की एक नई छवि जारी की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने पृथ्वी से लगभग 15,00,000 किलोमीटर दूर अपने स्थान से अंतरिक्ष के निर्वात में वैज्ञानिक संचालन का एक वर्ष पूरा कर लिया है। दुनिया की सबसे शक्तिशाली वेधशाला ने संचालन के अपने पहले वर्ष में वही किया है जो उसे करने का काम सौंपा गया था। नासा ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई एक छोटे तारे नुमा क्षेत्र की एक नई छवि जारी की। नई छवि में रो ओफ्यूची क्लाउड कॉम्प्लेक्स में निकटतम तारा-निर्माण क्षेत्र दिखाया गया है। नासा ने कहा कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने नवीनतम स्नैपशॉट दिखाया जिसमें 390 प्रकाश वर्ष दूर एक बादल परिसर में 50 शिशु तारे दिखाई दे रहे हैं।

### सिडनी में कई वाहनों की टक्कर में एक महिला की मौत, 2 दो घायल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) प्रांत के सिडनी शहर में छह वाहनों की टक्कर मे एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है। प्रांतीय पुलिस ने गुरूवार को बताया कि बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार 1: 30 बजे ब्लैक्सलैंड रोड और फर्स्ट एवेन्यू, ईस्टवुड के चौराहे पर एक मित्सुबिशी एसयूवी, एक होल्डन कमोडोर, एक किआ एसयूवी, एक टोयोटा सेडान, एक ऑडी हैचबैक और एक वैन की टक्कर के बाद अपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि 61 वर्षीय एक महिला यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसी कार से सवार 67 वर्षीय महिला चालक और 63 वर्षीय महिला यात्री को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि मित्सुबिशी चला रहे 31 वर्षीय व्यक्ति के सिर पर लगी चोट का इलाज किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### पंखे में करंट उतरने से नवविवाहित की हुई मौत

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**सादुल्लानगर( बलरामपुर )।** करंट लगने से नवविवाहिता हुई अचेत परिजनो द्वारा इलाज हेत सी एच सी सादुल्लानगर ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने किया मृत घोषित। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत सोनौली निवासी रामेश्वर पुत्र केशवराम की नवविवाहिता पत्नी सरिता विश्वकर्मा उम्र लगभग 27 वर्ष की आज अपराह्न लगभग 01.30 बजे घर मे लगे बिजली के बोर्ड मे पंखे का प्लग लगाते समय करंट लग जाने के कारंण अचेत होकर गिर गई परिजनो द्वारा इलाज हेत सी एच सी सादुल्लानगर लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया अस्पताल के मेमो की सूचना पर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेकृश्न उपाध्याय मय हमराही फोर्स के साथ शव को कब्जे में लेकर मजिस्ट्रेट के समक्ष पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया मृतका के ससुराली जनो द्वारा बताया गया कि मृतका के मायके सूचना दे दी गई है। घटना के संबंध मे प्रभारी निरीक्षक वृजानंद सिंह द्वारा बताया गया कि घटना की सूचना अस्पताल के मेमो से मिली है शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा रहा है। दोनो पक्षों मे किसी भी तरफ से अभी कोई तहरीर नही प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्य वाई की जाएगी।

### जब मुगल सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए रहते थे उतावले तो गांव-गांव में होती थी रामलीला

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम अपनी भाषा में अपने इष्ट की आराधना के दौरान दो शब्द कहते हैं तो मान्यता है कि इष्ट से उसका सीधा संवाद होता है। मध्यकाल में संत तुलसीदास द्वारा रचित राम चरित्र मानस को पहले ही मेधज़ एस्ट्रो द्वारा यूट्यूब पर सस्वर गायन के माध्यम से करोड़ों श्रोताओं तक पहुंचायी जा चुकी है। बताया जाता है कि जब संत तुलसीदास ने संस्कृत में आधुनिक रामायण लिखने का प्रयास किया तो ग्रंथ हमेशा नष्ट हो जाता था। अंतत: काशी में स्वयं भगवान विश्वनाथ ने दर्शन दे कर उन्हें संस्कृत नहीं, लोक भाषा में रचना करने को कहा। उस समय लोक भाषा के रूप में अवधी को महत्व दिया गया और तुलसीदास काशी से अयोध्या आए। उन्होंने राम चरित्र मानस को अवधी में लिखना प्रारंभ किया। एक ओर, जब मुगल आक्रांता भारत के सनातन धर्म और संस्कृति को नष्ट करने के लिए उतावले दिख रहे थे तो उस समय गांव-गांव में रामलीलाओं का आयोजन किये जा रहे थे। यह रामचरित्र मानस की प्रेरणा को दर्शाता था।

### स्थानीय निकाय निदेशालय ने निकायों में वृक्षारोपण की शुरू की निगरानी

लखनऊ। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के महत्व को देखते हुए इस पूरे कार्यक्रम की विभागीय स्तर पर निगरानी भी की जा रही है। इसी क्रम में नगरीय निकाय निदेशालय ने वृक्षारोपण अभियान के तहत सभी नगर निकायों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील की गई है। साथ ही निदेशालय ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक कितने वृक्ष लगाए गए हैं, इसकी भी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। ताकि शासन को इसकी सूचना दी जा सके। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने मिशन मोड में वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। सभी विभागों को भी वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है। नगर विकास विभाग को पूरे प्रदेश में करीब 35 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य मिला है।

### 24.7 लाख से अधिक लोग एड्स पीड़ित

नयी दिल्ली। देश में एचआईवी. एड्स से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या 24.7 लाख से अधिक है जबकि वर्ष 2010 के मुकाबले इनमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र एड्स की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2022 में भारत में एचआईवी से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या अनुमानित 24 लाख 70 हजार रही है। इसी वर्ष एचआईवी से 66,000 नई संक्रमित संक्रमित हुए हैं। हालांकि वर्ष 2010 के मुकाबले वर्ष 2022 तक सर संक्रमित की संख्या में 42 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर यह औसत 38 प्रतिशत रहा है। भारत में वर्ष 2022 में 38000 व्यक्तियों की मृत्यु का कारण एड्स से संबंधित रहा है। वर्ष 2010 की तुलना में एड्स से मृत्यु दर में 77 प्रतिशत की गिरावट हुई है। रिपोर्ट में एड्स एचआईवी से निपटने में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की गई है।

### अब रेलवे बना रही है 'वंदे भारत साधारण'

नयी दिल्ली। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सफलता के बाद भारतीय रेलवे अब गरीब यात्रियों के लिए 'वंदे भारत साधारण' गाड़ी बना रही है जो गैरवातानुकूलित श्रेणी की गाड़ी होगी। सूत्रों के अनुसार चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में वंदे भारत के इस संस्करण पर काम शुरू हो गया है और जनवरी तक इस संस्करण के पटरी पर उतरने की संभावना है। यह गाड़ी कुर्सीयान वाली होगी और बाद में शयनयान वाली भी बनेगी। इसमें स्वाभाविक रूप से कम किराया लिया जाएगा। रेलवे का इरादा है कि पुराने डिब्बे जोड़ कर बनने वाले रैक वाली गाड़ियों की जगह ट्रेनसेट को लाया जाये। शयनयान वाली वंदे भारत एक्सप्रेस बनाने के लिए टिटलागढ़ सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड एवं भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने काम शुरू दिया है। इसकी शुरुआती डिज़ायन बन कर रेल मंत्रालय में स्वीकृति के लिए आयी है। वंदे भारत के स्लीपर कोच की डिज़ायन मौजूदा ट्रेनों के डिज़ायन से एकदम भिन्न है और इसमें अधिक आरामदेह सीटों के साथ साथ कई सुविधाएं भी दी जाएंगीं।

# समाजवादी व्यापार सभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## जीएसटी सम्बंधित मामलों में ईडी के दखल वाली अधिसूचना को वापिस लेने की मांग की

सोनभद्र। प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर समाजवादी व्यापार सभा सोनभद्र के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरि काजु के नेतृत्व में जीएसटी को PMLA के अंतर्गत ईडी के अन्तर्गत लाने के विरोध उप जिलाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्रीय वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा एक अधिसूचना जारी कर गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स नेटवर्क को धन शोधन निवारण अधिनियम, के तहत डालने का विरोध किया गया है। दिनेश अग्रहरि काजू ने कहा कि इस अधिसूचना का मतलब यह है कि अब जीएसटी से जुड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय सीधा दखल दे सकेगी। जीएसटी में ईडी के दखल हो जाने से



करापवंचन करने वाले फर्म, व्यापारी या संस्था के खिलाफ सीधे कार्यवाही हो सकती है। जिसके तहत सरकार या सार्वजनिक प्राधिकरण को व्यापारियों द्वारा गैर कानूनी तरीके से कमाए गए धन और संपत्ति को जब्त करने का अधिकार दिया गया है, जोकि सरासर गलत है। इस व्यापारी विरोधी फैसले का समाजवादी व्यापार सभा कड़े शब्दों में निन्दा और विरोध करती है। यह अधिसूचना सरकार के व्यापारी समस्याओं के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करती है इससे इंस्पेक्टरराज और भ्रष्टाचार बढ़ेगा, जिससे व्यापारी अपना व्यापार बंद करने को मजबूर हो जाएंगे। पहले से ही भोले भाले व्यापारियों को बर्बाद करने वाली विसंगतिपूर्ण और जटिल जीएसटी को अब ईडी के तहत लाने के सरकार के फैसले का व्यापारी समाज निंदा करता है। यह फैसला व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ने वाला फैसला होगा। अधिकारी हमारे व्यापारी की मेहनत से अर्जित धन और संपत्ति को टैक्स चोरी से कमाई गई संपत्ति कहकर और डरा कर धमकाकर व्यापारियों का शोषण एवं दोहन करेंगे। विदित हो कि अभी फर्म पंजीयन सत्यापन के नाम पर सेंट्रल एवं स्टेट जीएसटी के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को उत्पीड़ित करने की शिकायत लगातार आ रही है। ऊपर से GSTN को PMLA में शामिल करने से और ईडी को सीधा व्यापारियों पर हस्तक्षेप करने की ताकत देने से यह कोढ़ में खाज वाली स्थिति होगी। इससे व्यापारियों का उत्पीड़न बढ़ेगा। अत: समाजवादी व्यापार सभा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के निर्देश पर आयोजित प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के क्रम में आज जनपद की व्यापार सभा इकाई भी इस ज्ञापन पत्र के माध्यम से आपसे मांग करती है कि तत्काल केंद्र सरकार को इस व्यापारी विरोधी फैसले को वापिस लेने का निर्देश देकर व्यापारी समाज को राहत दिलवाने का कष्ट करें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष व्यापार सभा दिनेश कुमार अग्रहरि काजु, रमज़ान अली, अरविंद उमर पिंटू, प्रशांत कुमार शीही, श्यामनाथ उमर, प्रमोद यादव, संतोष तिवारी मानु, राहुल उमर, नितिन मोदनवाल, अखिलेश वर्मा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घाघरा किनारे बसे गांवों का अधिकारियों ने किया दौरा

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह ने राजस्व टीम के साथ बाढ़ की तैयारियों व राहत चौपाल के दृष्टिगत आज तहसील बिसवां के बाढ़ के लिहाज से अतिसंवेदनशील घाघरा नदी के किनारे बसे गांवों का दौरा किया। नायब तहसीलदार अजय कुमार यादव व राजस्व टीम तथा सिंचाई विभाग के अवर अभियंता अमित कुमार के साथ ग्राम पासिनपुरवा, लोधपुरवा, बसंतापुर, गुरगुजपुर आदि का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। भ्रमण के मुख्य बिंदु के अन्तर्गत पासिनपुरवा-चौकीपुरवा की सिंचाई विभाग की परियोजना पूर्ण हो जाने के कारण पासिनपुरवा, गारगीपुरवा, लोधपुरवा, चौकीपुरवा आदि मजरों की आबादी सुरक्षित हो गयी है।

## आधार अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न



**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य के निर्देश के अनुपालन में उप जिलाधिकारी, बलरामपुर राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन सभागार, बलरामपुर में आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के डायरेक्ट बेनफिट ट्रान्सफर तथा नवीन योजनाओं को डी0बी0टी0 के अन्तर्गत लाने हेतु जनपद के अध्यासित परिवारों हेतु फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान संचालित करने हेतु बताया गया, जिसमें एक परिवार के सभी सदस्यों के एक फैमिली आई0डी0 से मैपिंग कराया जाना है, जिससे कि लाभार्थियों को मल्टीपल बेनफिट में पारदर्शिता लायी जा सके। यह कार्य मुख्यमंत्री के प्राथमिकता कार्यक्रमों में से एक है। फैमिली आई0डी0 बनाने एवं आधार को 5 एवं 10 वर्ष के अन्तराल पर अपडेट करने हेतु लाभार्थियों को जागरूक कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में बैंक, पोस्ट आफिस, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक, भारत संचार निगम लि0, बेसिक शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, सी0एस0सी0 तथा स्वास्थ्य विभाग रजिस्ट्रार बनाये गये है, जिनके द्वारा कुल 135 आई0डी0 द्वारा पिछले 30 दिनों में 16655 इनरोलमेन्ट किये गये, जिसमें 9655 इनरोलमेन्ट अपडेट हुये है। जनपद में आधार का कार्य लगभग 97 प्रतिशत पूर्ण हो गया है, जिससे 0-5 वर्ष के आयु वर्ग में 16 प्रतिशत, 05-18 आयुवर्ग में 103 प्रतिशत तथा 18 व 18 से अधिक आयुवर्ग में 111 प्रतिशत प्रगति हुयी है।

## कांग्रेस ने जिस तरह देश को बर्बाद किया कार्यकर्ता लोगों को बतायें : भाजपा

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने गुरूवार को उत्तर प्रदेश के देवरिया में कहा कि नरेंद्र मोदी पुन: देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और पार्टी कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क अभियान के तहत कांग्रेस ने जिस तरह देश को लूटा और बर्बाद किया उसको लोगों के बीच बतायें। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सिंह के आज यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जो काम भाजपा की केंद्र और प्रदेश की मोदी-योगी सरकार ने करके दिखाया है वो अन्य दलों की सरकारें नहीं कर पायी हैं।सरकार के इन्हीं कामों को लेकर हम सभी अभियान के तहत लोगों तक पहुंच रहे हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप हर घर तक पहुंच कर केन्द्र की मोदी सरकार के कार्यो को बताये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस ने देश को जिस तरह से लुटा,बर्बाद किया उसको भी बताये।

## अवैध खनन पर लगायें रोक, वैध खनन को दें बढ़ावा : निदेशक-सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म

### पटवध-बसुवारी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के निर्माण को अतिशीघ्र किया जाय पूर्ण : निदेशक- डॉ0 रोशन जैकब

सोनभद्र। ओवर बर्डन के रूप में निकाले गये खनिजों का लाट्स बनाकर ई-टेण्डर के माध्यम से निस्तारित करने को कहा निदेशक-सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म डॉ0 रोशन जैकब ने। कलेक्ट्रेट सभागार में खनन विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग व पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खनन विभाग के पट्टा से सम्बन्धित जो भी पत्रावलियां हैं, उसका शीघ्र निस्तारण कराया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद के खनन पट्टा धारकों को पट्टे से खनिजों के परिवहन हेतु ई0एम0एम0-11 का दर अत्यधिक न किया जाय। ऐसा करने पर शासन स्तर से खनिजों के सापेक्ष निर्गत प्रपत्र ई0एम0एम0-11 का दर निर्धारित करने के निर्देश दिये।

जनपद में वैध खनन को बढ़ावा देने तथा अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाने के साथ ही यह भी कहा कि



बिलावजह उद्यमियों-व्यापारियों का उत्पीड़न न किया जाय।

जिलाधिकारी से भूतत्व खनिकर्मकहा निदेशक - सचिव रोशन जैकब ने कहा कि क्रसर प्लान्टों पर किये गये भण्डारण गिट्टी, बोल्डर, जीरा गिट्टी-डस्ट स्टोन की जॉच खनन विभाग व राजस्व विभाग के संयुक्त टीम बनाकर किया जाय तथा प्लाण्टों पर अवैध तरीके से भण्डारित पाये जाने पर राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ई-टेण्डर के माध्यम से निस्तारित किये जांय जिसे उप खनिजों के सापेक्ष परिवहन प्रपत्र के मात्रा में वृद्धि हो सके। उन्होंने ज्येष्ठ खान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण के दौरान परियोजनाओं से ग्राम कुड़वा में ओवर बर्डन के रूप में निकाले गये खनिजों का लाट्स बनाकर ई- टेण्डर के माध्यम से निस्तारण हो जिससे कि जनपद में उप खनिजों के मात्रा में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त राजस्व ग्रामों भगवा, अगोरी, खेबन्धा, बरहमोरी, ससनई आदि में उपयुक्त अधिक से अधिक क्षेत्रों की खोज कर डी0एस0आर0 में सम्मिलित करते हुए अनवरत समीक्षा की जाय एवं खनन पट्टे देने की कार्यवाही की जाय।

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की बैठक सम्पन्न

### विधान परिषद संसदीय समिति ने की विकास कार्य के प्रगति की समीक्षा

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश विधान परिषद संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के अधिकारियों व जनपद में संचालित फैक्ट्रियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

समिति के सभापति आशुतोष सिन्हा, समिति के सदस्य लाल बिहारी यादव, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के दौरान सभापति ने आबकारी विभाग द्वारा जनपद में शराब दुकानों पर की जाने वाली छापेमारी की कार्यवाही व अवैध बिक्री पर रोक के सम्बन्ध में जिला आबकारी अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिला आबकारी अधिकारी ने जनपद में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के विशेष अभियान चलाये जाने की बात बताई और तत्काल की कार्यवाही में 1550 पेटी पकड़ी गयी अवैध शराब के



बाबत जानकारी दी और इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने लिए जाने की कार्यवाही बताई । समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि व्यापारी बन्धुओं के साथ समानता का व्यवहार किया जाय, उनके व्यापार को बढ़ाने में जी0एस0टी0 विभाग के अधिकारी सहयोगात्मक रवैया अपनायें।इसी प्रकार से समिति द्वारा जनपद में अल्ट्राटेक, एन0टी0पी0सी0, हिण्डाल्को सहित अन्य कम्पनियों के प्रतिनिधियों से फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की और फैक्ट्रियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कम्पनी में कार्यरत श्रमिकों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये और उनका किसी प्रकार से अनावश्यक रूप से उत्पीड़न न किया जाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये, फैक्ट्रियों के आस-पास वालों क्षेत्रों में साफ-सफाई आदि की व्यवस्था बेहतर तरीके से रहें, जिससे कि फैक्ट्रियों के आस-पास रहने वाले लोगों को प्रदूषण की समस्या का सामना न करना पड़ें, समिति ने कहा कि फैक्ट्रियों में आउटसोर्सिंग व संविदा के माध्यम से नियुक्त होने वाले कार्मिकों में जनपद के निवासियों को प्राथमिकता दी जाये, आउट सोर्सिंग व संविदा के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों के सम्बन्ध में जिला सेवायोजन पोर्टल पर वैकेंन्सी का विवरण अपलोड किया जाये,जिससे कि जनपद के बेरोजगार युवकों को भर्ती के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके।

### भारत और आसियान देशों के बीच पारंपरिक चिकित्सा पर मंथन 20 जुलाई को

**नयी दिल्ली।** परंपरागत चिकित्सा पद्धति तथा आयुष के विकास तथा अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए भारत और आसियान सदस्य देश 21 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में विचार-विमर्श करेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आयुष पर ऐसा सम्मेलन एक दशक के बाद आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में भारत और आसियान के सदस्य देश कंबोडिया, वियतनाम सहित 10 देश शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय, आसियान में भारतीय मिशन और आसियान सचिवालय के सहयोग से आयुष मंत्रालय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर सम्मेलन का आयोजन करेगा। दक्षिण-पूर्वी देशों के संगठन- आसियान में वियतनाम, कंबोडिया सहित 10 एशियाई देश हैं। सम्मेलन में पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान, प्रोद्योगिकी, शिक्षा, व्यापार आदि पर विचार विमर्श होगा और आसियान सदस्य देशों के साथ भारत अपने अनुभव को साझा करेगा।

### मत्स्य विभाग द्वारा छापा मारकर प्रतिबन्धित प्रजाति की मछलियों को मौके पर कराया नष्ट

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** प्रतिबंधित प्रजाति की मछलियों की विक्रय को रोकने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्यहाट / मत्स्य विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया जिसमें मो0 अल्ताब मत्स्य विक्रेता स्थल नहरिया बलरामपुर, मो0 हुसैन पुत्र मो0 अली एवं मो0 समीर पुत्र इस्माइल निवासी रेहरा बाजार के पास प्रतिबन्धित प्रजाति की मछलियां थाई मांगुर भारी मात्रा में पायी गयीं। निरीक्षण में सहायक निदेशक मत्स्य, डा0 विनोद कुमार वर्मा एवं ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक श्री रेवती रमण चौधरी मोजूद रहे। प्रतिबन्धित प्रजाति की मछलियों को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया तथा मत्स्य विक्रेताओं को वैधानिक चेतावनी दी गई कि भविष्य में उक्त प्रजाति की मछलियों के पालन पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 270 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि थाई मांगुर मांसाहारी प्रजाति की मछली होती है जिसे मत्स्य पालक स्लाटर हाउस से निकले हुए जानवरों के अवशिष्ट मांस खिलाते हैं जिससे जल प्रदूषण फैलता है। ये मछलियां देशी प्रजाति के मछलियों को खा जाती हैं जिससे पारिस्थितिकीय असंतुलन होने का खतरा रहता है। इन मछलियों में भारी मात्रा में लेड पाया जाता है जिससे मष्तिक कैंसर हो सकता है। इन कारणों से इन मछलियो के पालन विपणन मत्स्य बीज उत्पादन पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा रोक लगायी गई है।

## भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी नाथ जायसवाल ने नवनियुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सांसद दीपक बैज का किया स्वागत

भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी नाथ जायसवाल ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष युवा सांसद दीपक बैज को काशी विश्वनाथ जी का अंग वस्त्र व रुद्राक्ष की माला के साथ काशी विश्वनाथ जी का प्रसाद खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ के माटी के लाल को तहेदिल से बधाइयां दीं।



आगे भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी नाथ जायसवाल ने कहा कि युवा प्रदेश अध्यक्ष मिलने से छत्तीसगढ़ प्रदेश के संगठन को और भी मजबूती मिलेगी। अपने नवाचार योजनाओं से दीपक बैज ने बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ को प्रभावित किया है और निश्चित रूप से इस बार 75 पार के आंकड़े को हम छूने जा रहे हैं नवनिर्वाचित माननीय सांसद दीपक बैज जी के नेतृत्व में।

भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस फेडरेशन के सदस्यों ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का सहयोग निस्वार्थ भाव से किया है। और निश्चित रूप से इस बार 75 पर के आंकड़े को छूने में भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस मिल का पत्थर साबित होगा।

और मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते विश्वास दिलाता हूं कि हमारे संगठन के प्रत्येक सदस्य जहां भी जरूरत पड़े, जैसे भी जरूरत पड़े हर किसी स्थिति-परिस्थिति में साथ रहेगा। चाहे वह प्रचार- प्रसार के लिए हो चाहे किसी की सहायता के लिए हो।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में बहुत बड़ा राजनीति बदलाव देखने को मिला है। पहले उपमुख्यमंत्री के रूप में टी एस बाबा सिंहदेव को पद मिला, लगातार हो रहे बदलाव में कुछ ऐसा बदलाव छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पद का बदलाव नेशनल कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। पूर्व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम को हटाकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बस्तर के युवा, तेज तर्रार नेता, सांसद दीपक बैज को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दीपक बैज के शैली से राहुल गांधी भी कई बार प्रभावित हो चुके हैं।

राहुल गांधी का युवा नेता बस्तर के सांसद दीपक बैज से पहले से ही अलग लगाव है। अमरजीत भगत का नाम प्रदेश अध्यक्ष के पद के लिए नाम उठा था लेकिन अपने बेबाक और श्रेष्ठ, कुशल राजनीति के चलते सांसद दीपक बैज को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश अध्यक्ष का जिम्मेदारी मिला।

## प्राथमिक विद्यालय जखौली जाने वाला मार्ग बदहाल

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

सादुल्लानगर/ बलरामपुर। जनपद बलरामपुर अन्तर्गत विकास खण्ड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत जखौली के मजरे पंडित गाँव से प्राथमिक विद्यालय जखौली को जाने वाला मार्ग विगत कई महीनों से बदहाल पड़ा हुआ है। जबकि प्राथमिक विद्यालय जखौली को मजरे पंडित गाँव से जाने वाला सिर्फ यही एक मुख्य मार्ग है। ग्राम पंचायत के जिम्मेदार इससे अनजान बने हुए हैं। बरसात के महीने में तो इस मार्ग का और बुरा हाल हो जाता है। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ से भर जाता है। जिससे बरसात के महीने में मजरे पंडित गाँव से प्राथमिक विद्यालय को जाने के लिए पढ़ने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दवा आदि जरूरी सामानों की



खरीदारी करने के लिए इस बदहाल रास्ते पर जाने के लिए राहगीर व पंडित गाँव वासी मजबूर हैं। रास्ते के दोनों तरफ काफी बड़े-बड़े घास-फूस व झाड़-झंखाड़ लगे हुए हैं। जिसमें आए दिन खतरनाक जहरीले जीव सांप-बिच्छू आदि देखने को मिल जाते हैं। फिर भी पंडित गाँव के छोटे-छोटे बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ने के लिए प्राथमिक विद्यालय जखौली जाने को विवश हैं। जब बच्चे पढ़ने के लिए घर से निकलते हैं तो उनके अभिभावकों को बच्चों के साथ खतरा होने की चिन्ताएं सताने लगती है।

पंडित गाँव निवासी दिलीप कुमार, राजू, सोनू, दीपू, आशू, राजेन्द्र आदि ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय जखौली को जाने के लिए केवल यही एक मुख्य रास्ता है। लेकिन इस रास्ते पर ग्राम पंचायत द्वारा कोई कार्य जैसे मिट्टी पटाई व खड़न्जा आदि नहीं कराया गया है। और न ही इस रास्ते पर साफ-सफाई का कार्य कराया जाता है। जबकि सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना चलाई जा रही है। तथा साफ-सफाई के लिए ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी की नियुक्ति की गई है। फिर भी यह रास्ता अपनी बदहाली के लिए आंसू बहा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते पर आज तक कोई कार्य नहीं किया गया है और न ही कभी इसकी साफ-सफाई ही होती है। जिम्मेदार लोग इससे अनजान बने हुए हैं।

ग्रामीणों ने इस रास्ते की मरम्मत कराए जाने एवं रास्ते के दोनों तरफ लगे घास-फूस व झाड़-झंखाड़ को साफ कराए जाने की मांग की है।

CMYK CMYK CMYK CMYK